दैनिक लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी

वर्ष : 12 | अंक : 118 | लखनऊ, 21 अप्रैल, मंगलवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए




महावतार परशुराम का ...



भूत बंगला ने ....

## खबर संक्षेप

### झारखंड में भीषण गर्मी व लू की चेतावनी

**रांची।** झारखंड में लू की आशंका को देखते हुए सरकार ने 21 अप्रैल से



स्कूलों के समय में बदलाव किया है। शिक्षा विभाग की तरफ से जारी आदेश में बताया गया कि नए शेड्यूल के अनुसार केजी से 8 तक की कक्षाएं सुबह 7 से 11:30 बजे तक तथा कक्षा 9 से 12 तक की कक्षाएं सुबह 7 बजे से 12 बजे तक संचालित होंगी। सरकार ने यह फैसला बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले बुरे प्रभाव को देखते हुए लिया है।

### आजम, अब्दुल्ला की सजा घटाने की अपील खारिज

**रामपुर।** दो पैन कार्ड मामले में सजा काट रहे सपा नेता आजम खां व



उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को राहत नहीं मिली है। एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने सजा कम करने की उनकी अपील खारिज कर दी। मामले में पहले मजिस्ट्रेट कोर्ट ने दोनों को सात-सात साल की कैद व 50-50 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई थी। फैसले के खिलाफ बचाव पक्ष ने सजा कम करने की अपील की थी।

### पूर्व डीजीपी पर सम्राट सरकार का भरोसा कायम

**पटना।** बिहार सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते



हुए बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग के अध्यक्ष केएस द्विवेदी के कार्यकाल को विस्तार दे दिया है। गृह विभाग (आरक्षी शाखा) द्वारा सोमवार को जारी आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, अब वह 68 वर्ष की आयु तक या अगले आदेश तक इस पद पर बने रहेंगे।

जनसेवा सरकार का कर्तव्य

# जनता दर्शन में योगी सरकार ने दोहराई 25 करोड़ लोगों की सेवा की प्रतिबद्धता

*मुख्यमंत्री योगी ने जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए। आवास, इलाज, शिक्षा, अवैध कब्जे और पुलिस मामलों पर त्वरित कार्रवाई करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसेवा सरकार का कर्तव्य है और हर जरूरतमंद को योजनाओं का लाभ मिलेगा...*

**राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख /लखनऊ,**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' में प्रदेश भर से आए फरियादियों से मुलाकात की, उनकी शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा के अंदर निस्तारण कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसेवा सरकार का कर्तव्य है और सरकार अपने कर्तव्य पथ पर चलकर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की सेवा कर रही है। हर उचित समस्याओं के समाधान के लिए सरकार संकल्पित है।

**दर्द लेकर आईं, दुआ देकर गईं :** बरेली की रहने वालीं दीप्ति 'जनता दर्शन' में पहुंचीं। उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष अपना दर्द बयां किया। बताया कि वह किराए के मकान में रहती हैं और ठेला लगाकर जीवनयापन कर रही हैं। आर्थिक विपन्नता के कारण बच्चों के लालन-पालन में काफी परेशानी हो रही है।

इस पर मुख्यमंत्री ने बरेली के जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि महिला की समस्या सुनकर पीएम स्वनिधि योजना का लाभ दिलाते हुए स्थानीय स्तर पर समस्या का त्वरित समाधान कराएं। सीएम की संवेदनशीलता को देखकर दीप्ति की आंखें भर आईं। चेहरे पर खुशी का भाव लिए हुए उन्होंने जाते-जाते मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया और उन्हें ढेर सारी दुआएं भी दीं।



### अवैध कब्जे, पुलिस मामलों में त्वरित कार्रवाई के आदेश

'जनता दर्शन' में कुछ लोगों ने आवास की मांग से संबंधित प्रार्थना पत्र सौंपे। मुख्यमंत्री ने उनकी बातें सुनते हुए आश्वस्त किया कि सरकार हर पात्र व्यक्ति को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध करा रही है। सीएम ने संबंधित जनपदों के जिलाधिकारियों को आवेदकों का पत्र भेजते हुए उन्हें निर्देशित किया कि पात्रता के आधार पर इन्हें भी आवास योजना का लाभ दिलाएं। इन लोगों ने भी मुख्यमंत्री के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। मुख्यमंत्री के पास कुछ लोगों ने इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लगाई। इस पर सीएम योगी ने तत्काल एस्टिमेट बनवाकर शासन को उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने कहा कि आप परिजन की चिंता कीजिए, इलाज की चिंता सरकार करेगी। वहीं कुछ अभिभावकों ने आर्थिक परेशानी का जिक्र करते हुए बच्चों की पढ़ाई पर चिंता जताई। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी बच्चे का स्कूल नहीं छूटना चाहिए।

## उच्चस्तरीय बैठक में नए सिरे से मानक तय करने पर सहमति बनी

# यूपी के नए शहरी क्षेत्र में सड़क बनाने का मानक बदलने जा रही योगी सरकार

*यूपी में योगी सरकार नए शहरी क्षेत्र में सड़क बनाने का मानक बदलने जा रही है। सीवर और जलापूर्ति के लिए पाइप लाइन न पड़ने वाले क्षेत्रों में केवल इंटरलॉकिंग सड़कें बनाई जाएंगी। इसकी सुविधा जहां हो जाएगी, वहां सीसी रोड बनेंगे।*

**अमन लेखनी समाचार/लखनऊ,**

उत्तर प्रदेश में योगी सरकार नए शहरी क्षेत्रों में सड़क बनाने का मानक बदलने जा रही है। सीवर और जलापूर्ति के लिए पाइप लाइन न पड़ने वाले क्षेत्रों में केवल इंटरलॉकिंग सड़कें बनाई जाएंगी। इसकी सुविधा जहां हो जाएगी, वहां सीसी रोड बनेंगे।

उच्चाधिकारियों का मानना है कि इससे सड़कें बनने के बाद बार-बार काटी नहीं जाएंगी और विभागीय पैसे की बचत होगी। दरअसल, सीवर और जलापूर्ति के लिए पाइप लाइन के बिना सीसी रोड बन जाने से बाद में सड़कें खोदी जाती हैं। इससे लोगों को



असुविधा होती है और दोहरा खर्च भी पड़ता है। इसी सब से बचने के लिए यह कदम उठाने जाने की तैयारी है। नगर विकास विभाग शहरी क्षेत्र की रास्ते और गलियों में सड़कों का निर्माण कराता है। इसके लिए निकायों को हार साल भारी-भरकम बजट दिया जाता है। इसके बावजूद इसके जरूरतभर सड़कें नहीं बन पाती हैं। इसीलिए उच्चस्तर पर हुई बैठक में सड़कें बनाने के लिए नए सिरे से मानक तय करने पर सहमति बनी है। नगर विकास विभाग को इसके लिए जरूरी सुझाव भेज दिए गए हैं। इसके मुताबिक ऐसी सड़कें, रास्तें और गलियां जिनमें सीवर या जलापूर्ति संबंधी काम नहीं हुए हैं वहां यथासंभव इंटरलॉकिंग सड़कों का निर्माण कराया जाए। जिन गलियों में सीवर या जलापूर्ति संबंधी काम हो चुके हैं वहां सीसी रोड का निर्माण कराया जाएगा। सड़कों पर आवश्यक रोड साइनेज लगाए जाएं। सड़क सुरक्षा के सभी जरूरी उपाय किए जाएं। शहरी क्षेत्र की सड़कों में डार्क स्पॉट और बलैक स्पॉट चिह्नित किए जाएं। स्पीड ब्रेकर के स्थान स्पीड टेबल बनाए जाएं, जिससे खासकर बुजुर्गों को आने-जाने में किसी तरह की समस्या न हो। स्पीड ब्रेकर की वजह से परेशानियां होने की बात सामने आई है। इन सभी तरह की परेशानियों को दूर करने की कोशिश में नगर विकास विभाग में लगा रहा हुआ। नगर विकास विभाग अब इसके आधार पर निकायों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करने जा रहा है, जिससे नए मानक के आधार पर सड़कें बनाई जाएं। इससे एक ही सड़क को बार-बार बनाने का झंझट खत्म हो जाएगा और जहां सड़कें नहीं बनी हैं, वहां बनाने का रास्ता भी साफ हो जाएगा। सड़कें बन जाने के बाद लोगों को आने-जाने में हो रही समस्या दूर हो जाएगी।

### बंगाल में चुनावी मंच से सीएम योगी का दावा

#### *'नो कर्फ्यू, नो दंगा; यूपी में सब चंगा,*

*लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल के बांकुरा में सोमवार को चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि अब उत्तर प्रदेश में दंगे नहीं होते। सीएम योगी ने कहा, 'नो कर्फ्यू, नो दंगा; यूपी में सब चंगा। जितने माफिया थे, वे सभी जहन्नुम की यात्रा पर चले गए। यूपी में अब कोई माफिया और गुंडा नहीं है। अब वहां पर हर एक नागरिक सुरक्षित है।' मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश भारत की इकोनॉमी में ग्रोथ इंजन की भूमिका निभा रहा है। पश्चिम मेदिनीपुर में चुनावी मंच से योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'कांग्रेस, टीएमसी और इंडी गठबंधन ने भारत पर 60 वर्ष से अधिक समय तक शासन किया। लेकिन उनके पास अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए कोई एजेंडा नहीं था। ये लोग बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का अपमान करते हैं। उन्होंने बंगाल में राष्ट्रपति के दौरे के दौरान प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया और उनका अपमान किया।*



### फिर बिहार यात्रा पर निकलेंगे पूर्व सीएम

## जेडीयू विधानमंडल दल का नेता चुनेंगे नीतीश, बैठक में फैसला

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश को जदयू विधानमंडल दल का नेता चुनने के लिए पार्टी ने अधिकृत किया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर वह नेता और उपनेता दोनों का फैसला करेंगे। सोमवार को जेडीयू की अहम सांगठनिक बैठक में नीतीश कुमार को सर्व सम्मति से इसके लिए अधिकृत कर दिया गया। बैठक में नीतीश कुमार ने बताया कि वे फिर की यात्रा पर निकलेंगे। सोमवार को उनके आवास एक अणे मार्ग पर पार्टी की अहम बैठक हुई जिसमें सभी विधायक और सांसद शामिल हुए।

**बैठक में सभी विधायक व विधान पार्षद शामिल:** सोमवार को एक अणे मार्ग में दिन के 11 बजे से यह बैठक शुरू हुई। इसमें पार्टी के सभी विधायक और विधान पार्षद शामिल हुए। नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद विधानमंडल दल के नए नेता का चयन किया जाना है। इसको लेकर ही यह बैठक बुलाई गई थी। वर्तमान में जदयू के दो वरिष्ठ मंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव सरकार में उपमुख्यमंत्री बने हैं।

**केवल संसदीय कार्य के लिए दिल्ली में रहेंगे नीतीश:** बैठक के बारे में एमएलसी नीरज कुमार ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विधायक दल के नेता और उपनेता का नाम तय करने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष को अधिकृत किया गया है। बैठक में नीतीश कुमार ने कहा कि केवल संसदीय कार्य के लिए दिल्ली में रहेंगे। उसके बाद बिहार में समय देंगे।

# तृणमूल ने महिला आरक्षण का विरोध करके महिलाओं के साथ किया 'विश्वासघात': नबीन

# बंगाल में चुनाव प्रचार के दौरान पीएम का झालमुरी खरीदने के लिए रुकना 'नाटक': ममता

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रमुख नितिन नबीन ने सोमवार को आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ने 2029 से विधायिकाओं में महिला आरक्षण लागू करने के केंद्र के प्रयास का विरोध कर उनके (महिलाओं के) साथ 'विश्वासघात' किया है। पूर्व मेदिनीपुर के महिषादल में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए नवीन ने कहा कि अगर यह मामला 'अल्पसंख्यकों के आरक्षण' का होता, तो ममता बनर्जी इसके समर्थन में मीलों पदयात्रा को तैयार रहतीं। उन्होंने कहा कि अब राज्य की महिलाओं के लिए समय आ गया है कि वे ऐसी सरकार को सजा दें, जो घुसपैठियों की रक्षा करती है और अपनी बेटियों को असुरक्षित छोड़ देती है। उन्होंने कहा कि हमारे नेता नरेंद्र मोदी महिलाओं को शासन में उनका अधिकार दिलाने के लिए 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' लेकर आए, लेकिन ममता दीदी के सांसदों ने इसका विरोध किया। इसके उपरांत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने एगरा और केशियारी में भव्य रोड शो भी किया।

*नबीन ने दावा किया कि 'मां, माटी, मानुष' सरकार के तहत महिलाएं सबसे अधिक पीड़ित और परेशान रही हैं। यदि कोई महिला मुख्यमंत्री अपने राज्य में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकती, तो उन्हें पद पर बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं है*

**घुसपैठियों की रक्षा करने वाली सरकार को चुनाव में शिकस्त दें**

भाजपा योग्यता के आधार पर रोजगार देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन एगरा और केशियारी में भव्य रोड शो करते हुए

नबीन ने कहा कि यह विडंबना है कि एक महिला मुख्यमंत्री वाले राज्य में संदेशखालि से लेकर जय नगर तक बेटियों का अपमान हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि 'मां, माटी, मानुष' सरकार के तहत महिलाएं सबसे अधिक पीड़ित और परेशान रही हैं। यदि कोई महिला मुख्यमंत्री अपने राज्य में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकतीं, तो उन्हें पद पर बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं है।

### जनता की जमीन घुसपैठियों को सौंप रहे

नबीन ने कहा कि टीएमसी 'तुष्टीकरण की राजनीति' के तहत पश्चिम बंगाल में जनता की जमीन बांग्लादेशी घुसपैठियों को सौंप रही है। राज्य में 'डबल इंजन' वाली भाजपा सरकार बनने पर अवैध प्रवासियों को 'डिलीट, डिमोट और डिपोर्ट' किया जाएगा। उन्होंने 'सिंडिकेट' संस्कृति को खत्म करने और योग्यता के आधार पर रोजगार देने का भी वादा किया।

### तमिलनाडु में केंद्र पर राहुल गांधी का आरोप

## भाजपा ने मणिपुर को 'आग में झोंका' कांग्रेस और नफरत नहीं फैलाने देगी

**तिरुनेलवेली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में चुनावी रैली में आरोप लगाया कि भाजपा ने देश के अल्पसंख्यकों को डराया-धमकाया और मणिपुर राज्य को 'आग में झोंक' दिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी पार्टी नफरत नहीं फैलाने देगी। अन्नाद्रमुक वह पुरानी पार्टी नहीं रही। आज



यह खोखली हो गई है क्योंकि इसके नेताओं ने समझौता कर लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार में वे (अन्नाद्रमुक) आकंठ डूब गए हैं और वे भाजपा की इच्छा के विरुद्ध कुछ नहीं कर सकते। पीएम मोदी और अमित शाह ने तमिलनाडु राज्य पर कब्जा करना चाहते।

### तमिलनाडु में नहीं चलने देंगे भाजपा का बिहार मॉडल

राहुल गांधी ने तमिलनाडु के थूथुकुडी में कहा कि भाजपा तमिलनाडु में भी यही बिहार मॉडल दोहराना चाहती है। वे तमिलनाडु में ऐसी सरकार चाहते हैं जिसे वे पूरी तरह अपने इशारों पर नचा सकें। वे यहां एक ऐसा मुख्यमंत्री चाहते हैं जो वही करे जो भाजपा कहे। राहुल ने साफ शब्दों में कहा कि वे तमिलनाडु में भाजपा को कभी भी ऐसी कठपुतली सरकार नहीं बनाने देंगे।

### पीएम तय कार्यक्रम के बिना रुके, तो कैमरा कैसे मौजूद

ममता का आरोप

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने आरोप लगाया कि



राज्य में चुनाव प्रचार के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी का अचानक 'झालमुरी' खरीदने के लिए रुकना 'नाटक' था। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने बीरभूम जिले के मुरारई विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करने के दौरान प्रधानमंत्री का नाम लिए बगैर कहा कि यह सब नाटक है। चुनाव प्रचार के दौरान पीएम पूर्व में तय कार्यक्रम के बिना अचानक रुके, उस समय वहां कैमरा कैसे मौजूद था? पूरा वाकया पहले से तय था। उन्हें जेब में 10 रुपये का नोट लिए देखा गया। क्या इस पर विश्वास किया जा सकता है?

### हमारा विरोध केवल परिसीमन विधेयक के खिलाफ था: खरगे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कूचबिहार में दावा किया कि पीएम नरेंद्र मोदी ने ही 2029 से विधायिकाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करने वाले संविधान संशोधन विधेयक को खत्म कर दिया, जबकि विपक्ष ने केवल परिसीमन विधेयक का विरोध किया था। हम हमेशा महिलाओं के अधिकार और कल्याण सुनिश्चित करने के पक्ष में रहे हैं।

### जेपी नड्डा का दावा: 4 मई को पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार होगी



केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने पश्चिम बंगाल के मुर्शीदाबाद में भाजपा प्रत्याक्षी के समर्थन में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बंगाल की जनता की आवाज एकतरफा है और राज्य में 4 मई को भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है, जबकि तृणमूल कांग्रेस की विदाई तय है। पश्चिम बंगाल की जनता भ्रष्टाचार, परिवारवाद, घुसपैठ और महिलाओं, युवाओं तथा आम नागरिकों पर हो रहे अत्याचार से मुक्ति चाहती है।

### विजय के रोड शो में बिगड़ी कई समर्थकों की तबीयत



तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के बीच अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) ने जोरदार चुनावी अभियान शुरू कर दिया है। विजय ने पोननेरी विधानसभा क्षेत्र के पंचट्टी इलाके में बड़ा रोड शो किया, जहां भारी भीड़ उमड़ी और लोगों ने उनका जोरदार समर्थन किया। भीड़ और तेज धूप के कारण कई समर्थकों की तबीयत बिगड़ गई। एक महिला समर्थक को पार्टी कार्यकर्ताओं ने तुरंत प्राथमिक उपचार दिया।

# नारी शक्ति वंदन पर 23 अप्रैल को विशेष सदन

## महापौर ने बुलायी बैठक, विपक्ष करेगा बहिष्कार

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** नगर निगम में 23 अप्रैल को विशेष सदन की बैठक बुलाई गई है। संसद के विशेष सत्र में पारित न हो पाने के बाद भाजपा पूरी तरह से विपक्ष पर आक्रामक है वहीं लखनऊ नगर निगम में भी इस मुद्दे पर निंदा प्रस्ताव लाए जाने की तैयारी है। सूत्रों के मुताबिक, इस प्रस्ताव के जरिए सत्तापक्ष महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के मुद्दे को प्रमुखता से उठाएगा। महापौर सुषमा खर्कवाल की ओर से विशेष सदन की बैठक बुलाए जाने के निर्देश नगर आयुक्त को दे दिए हैं।

बताया जा रहा है कि महापौर इस विशेष सदनके माध्यम से जनता को यह संदेश देने की कोशिश करेंगी कि विपक्ष महिलाओं से जुड़े अधिकारों के मुद्दों पर समर्थन नहीं दे रहा है। वहीं, विपक्ष की ओर से भी इस



प्रस्ताव का विरोध करने और इसे राजनीतिक कदम बताए जाने की संभावना है। इस मुद्दे को लेकर सदन में तीखी बहस और हंगामे के आसार हैं, क्योंकि दोनों पक्ष अपने-अपने तर्कों के साथ रणनीति बना रहे हैं। वहीं, विपक्ष इस प्रस्ताव को राजनीतिक कदम बताते हुए इसका विरोध करने की तैयारी में है। विपक्षी पार्षदों का यह भी कहना है कि महिलाओं के सशक्तिकरण के नाम पर प्रस्ताव लाकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश की जा रही है। उनका यह भी तर्क है कि वास्तविक सशक्तिकरण के लिए जमीनी योजनाओं, बजट और सुविधाओं पर ठोस निर्णय जरूरी हैं। संभव है कि सपा व कांग्रेस दलों के पार्षद इस बैठक का बहिष्कार भी कर सकते हैं। बताया जा रहा है कि विशेष सदन में नारी शक्ति वंदन प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा के साथ अन्य नगर विकास से जुड़े मुद्दों को भी उठाया जा सकता है। पार्षद अपने-अपने वार्डों की समस्याओं को लेकर भी आवाज उठा सकते हैं, जिससे बैठक में बहस का दायरा व्यापक होने की संभावना है। राजनीतिक दृष्टि से यह विशेष सदन अहम माना जा रहा है, क्योंकि दोनों पक्ष इस मुद्दे पर अपनी-अपनी रणनीति के साथ सदन में उतरेंगे। सत्तापक्ष जहां इसे महिलाओं के सम्मान से जोड़कर पेश करेगा, वहीं विपक्ष इसे राजनीतिक एजेंडा बताते हुए सवाल उठाने की तैयारी में है। ऐसे में सदन में तीखी बहस और संभावित हंगामे के आसार भी जताए जा रहे हैं।

# समाजवादी सरकार बनने पर उपभोक्ताओं को 300 यूनिट बिजली मुफ्तः अखिलेश

अमन लेखनी समाचार

- महिलाओं को साल में 40 हजार रुपए पेंशन

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने घोषणा की है कि वर्ष 2027 में समाजवादी सरकार बनने पर प्रदेश के उपभोक्ताओं को 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। महिलाओं को साल में 40 हजार रुपए पेंशन में मिलेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता स्वास्थ्य सेवाओं की बबार्दी, खाद की कमी से जूझ रही है। स्मार्ट मीटर के नाम पर उपभोक्ताओं को परेशान किया जा रहा है। श्री यादव सोमवार को प्रदेश मुख्यालय में बुन्देल खण्ड सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए बड़ी संख्या में कार्यकताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर के नाम पर चल रही बिजली की ठगी के खिलाफ उत्तर प्रदेश की जनता के गुस्से का मीटर हाई है, क्योंकि उसे पता चल गया है कि बेवजह जरूरत से ज्यादा मीटर रीडिंग आने और बिजली



का खर्चा बेतहाशा बढ़ने का असली कारण भाजपा का भ्रष्टाचार है। भाजपा के बिजली मीटर भी, ईवीएम मशीन की तरह हेराफेरी करते हैं।

श्री यादव ने कहा है कि भाजपा झूठे आरोप लगाकर समाजवादियों को बदनाम करने की कोशिश करती है। भाजपा चाहे जितना भ्रामक प्रचार कर ले, उसकी एक भी चालाकी नहीं चल पाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकताओं को एकजुटता और आपसी तालमेल करके भाजपा को 2027 के विधानसभा चुनाव में पराजित करना है।

# मलिहाबाद में फर्जी दस्तावेजों से जमीन हड़पने का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। थाना क्षेत्र के किठाई पारा गांव में मृत खातेदारों के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन की खरीद-फरोख्त करने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, कसमंडी कलां निवासी नईम अहमद को सोमवार को गांव की बाजार से गिरफ्तार किया गया। वह पेशे से किसान बताया जा रहा है। इस मामले में आरोपी वसीम, रविशंकर समेत दो अन्य की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है। बताया गया कि जनपद आजमगढ़ के चकला पहाड़पुर निवासी शबाना परवीन ने 17 जनवरी 2026 को मलिहाबाद थाने में तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि



आरोपी नईम फोटो

किठाई पारा गांव स्थित गाटा संख्या 266 (रकबा 1.990 हेक्टेयर) भूमि उनके पति और ससुर द्वारा खरीदी गई थी, जिस पर उनका कब्जा है। साथ ही गाटा संख्या 266 के ही एक अन्य हिस्से (रकबा 0.498 हेक्टेयर) में राजकुमार सिंह और कसमंडी गांव की जीनत का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज था। आरोप है कि 26 नवंबर 2024 को नईम अहमद ने इस जमीन की फर्जी तरीके से रजिस्ट्री करा ली। पुलिस जांच में सामने आया कि रजिस्ट्री के समय राजकुमार सिंह पहले से लापता थे, जबकि जीनत की कई वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी थी। इसके बावजूद आरोपियों ने फर्जी व्यक्तियों को खड़ा कर राजकुमार सिंह और जीनत के रूप में प्रस्तुत किया और जाली दस्तावेज तैयार कर जमीन अपने नाम करा ली। मामले का खुलासा होने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। अतिरिक्त इंस्पेक्टर सुरेंद्र मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया है तथा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# खेल क्रांति को नई गतिः डॉ. राजेश्वर सिंह का बड़ा निर्णय - दो लाख सहायता, 10 लाख से खेल ढांचा होगा मजबूत

## 170+ टीमों की भागीदारीः सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग में क्रिकेट का महाकुंभ - डॉ. राजेश्वर सिंह

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने हेतु बड़ा कदम उठाते हुए आगामी टूनार्मेंट के लिए 2 लाख की आर्थिक सहायता तथा स्टेडियम की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए विधायक निधि से 10 लाख देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से ही सशक्त, स्वस्थ और अनुशासित समाज का निर्माण संभव है। आज सेक्टर-एच, ड्रीमवर्ल्ड वाटर पार्क, एलडीए कॉलोनी, लखनऊ में उन्नाद टेनिस अकादमी द्वारा आयोजित अकळअ मेन्स लॉन टेनिस टूनार्मेंट का शुभारंभ डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके साथ ही विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा आयोजित सरोजनी नगर स्पोर्ट्स लीग के अंतर्गत इंटर स्कूल एवं इंटर स्पोर्ट्स क्लब क्रिकेट चैंपियनशिप हेतु ड्रॉ एवं फिक्सचर मीट का सफल आयोजन किया गया।

### खिलाड़ियों के उत्साह ने बढ़ाया संकल्प

भीषण गर्मी (45 डिग्री सेल्सियस) के बावजूद खिलाड़ियों के जोश और समर्पण को देखकर डॉ. राजेश्वर सिंह ने खेलों के प्रति अपने संकल्प को और मजबूत किया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली युवाओं को हर संभव सहयोग देना उनकी प्राथमिकता है।

### युवाओं के लिए विकसित होगा मार्वल एवेंजर्स थीम पार्क

डॉ. राजेश्वर सिंह ने बताया कि सरोजनी नगर क्षेत्र के युवाओं के लिए शीघ्र ही ह्यमार्वल एवेंजर्स थीम पार्कह्ण का निर्माण कराया जाएगा, जिससे युवाओं को बेहतर मनोरंजन और खेल




के अवसर मिल सकें। टूनार्मेंट के दौरान दिल्ली से मयंक शर्मा, तमिलनाडु से मुकिल रमनन, महाराष्ट्र से पार्थ पाटिल, हरियाणा से ध्रुव, बिहार से सुधीर सिंह व वैभव सिंह, पंजाब से आदित्य तिनजानी और दिल्ली से सौरव यादव सहित कई खिलाड़ियों से विधायक ने भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन के सचिव पुनीत अग्रवाल, मुकेश सिंह, अमित लोधी, राजपूत सिंह, प्रथमेश यादव, गोविंद प्रसाद मौर्य, समिति केसरी, संजीव अवस्थी उपस्थित रहे।

### ड्रॉ एवं फिक्सचर मीट का सफल आयोजन, बड़ी संख्या में टीमों की भागीदारी

कार्यक्रम में इंटर स्कूल एवं इंटर स्पोर्ट्स क्लब दोनों वर्गों के मैचों का ड्रा निकाला गया। इंटर स्कूल वर्ग में लगभग 60 टीमें तथा इंटर स्पोर्ट्स क्लब वर्ग में लगभग 110 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। आयोजन में खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों एवं युवाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली।

### चार वर्षों में 10,000 से अधिक बच्चों को मिला मंच

पिछले चार वर्षों से आयोजित हो रही इस स्पोर्ट्स लीग में अब तक लगभग 10,000 बच्चों ने प्रतिभाग किया है। यह पहल युवाओं को मोबाइल से दूर कर खेलों के प्रति प्रेरित करने और उनके शारीरिक व मानसिक विकास को बढ़ावा देने का एक सशक्त माध्यम बन चुकी है।

### आकर्षक पुरस्कार व निशुल्क पंजीकरण से बढ़ा उत्साह

इस प्रतियोगिता में दोनों वर्गों की विजेता टीम को 50,000 तथा उपविजेता टीम को 25,000 की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

# छात्रों ने समस्याओं के समाधान के लिए कुलपति को दिया ज्ञापन

**लखनऊ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की लखनऊ विश्वविद्यालय इकाई की ओर से सोमवार को विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों से संबंधित विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय के महोदय को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान अभाविप कार्यकताओं ने स्नातक पाठ्यक्रमों में बढ़ाई गई शुल्क वृद्धि



सहित अन्य बुनियादी समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की। विश्वविद्यालय परिसर में उपलब्ध पानी की गुणवत्ता की जांच कराकर स्वच्छ एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने। अभाविप के प्रांत मंत्री अर्पण कुशवाहा ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन को विद्यार्थियों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील होना चाहिये। महानगर मंत्री सरिता पाण्डेय ने कहा 'छात्रों के लिए स्वच्छ पानी, अध्ययन के लिए उचित वातावरण और इंटरनेट जैसी मूलभूत सुविधायें अत्यंत आवश्यक हैं। इसके मौके पर संगठन मंत्री पुष्पेंद्र बाजपेई, राष्ट्रीय कला मंच की प्रान्त संयोजक हर्षिका सिंह, लखनऊ उत्तर जिले के जिला संयोजक अभिषेक सिंह, लखनऊ विश्वविद्यालय इकाई के उपाध्यक्ष वर्तिका कुशवाहा, आर्यन शर्मा, कौस्तुभ, इकाई मंत्री आर्यन कुशवाहा , सह मंत्री आशुतोष त्रिपाठी , कला मंच संयोजक तनु यादव समेत तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अस्पतालों की इमरजेंसी में ओआरएस कार्नर संचालन की तैयारी

**लखनऊ।** गर्मी बढ़ने के साथ ही राजधानी के प्रमुख सरकारी अस्पतालों में तैयारियां शुरू हो गयी हैं। वार्ड से लगाकर रैन बसेरा तक पंखे, पानी आदि की व्यवस्था की गयी है तो वहीं इमरजेंसी में ओआरएस कार्नर खोलने की तैयारी है। इस सुविधा का लाड्डा मरीज और तीमारदारों दोनों ले सकते हैं। आशियाना स्थित लोकबंधु अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डा. अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि जल्द ही इमरजेंसी में ओआरएस कार्नर की शुरू की जाएगी। पिछले कई वर्षों से गर्मी के समय हीट स्ट्रोक, डिआईड्रेशन से बचाने के लिए ओआरएस काफी उपयोगी साबित होता है। शरीर में पानी की कमी की पूर्ति करता है। दूसरी तरफ बलरामपुर अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. हिमांशु चतुर्वेदी ने बताया कि इमरजेंसी में मरीजों की सहायता के लिए हेल्प डेस्क रहती है। ओआरएस आदि की व्यवस्था इमरजेंसी में करायी जा चुकी है। गर्मी बढ़ने पर ओपीडी में जागरूकता कार्यक्रम के जरिए लोगों को हीट स्ट्रोक, डिआईड्रेशन से बचाव की जानकारी दी जाएगी।

# डॉक्टरों को लगभग दोगुना वेतन देने के मामले की जांच पूरी, शासन को भेजी रिपोर्ट

**लखनऊ।** अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी में डॉक्टरों को लगभग दोगुना वेतन देने के मामले की जांच पूरी हो गई। जांच कमेटी ने कुलपति डॉ. अमित देवगन को रिपोर्ट सौंप दी। कुलपति ने शासन को रिपोर्ट सुपुर्द कर दी है। इससे यूनिवर्सिटी में तैनात डॉक्टर व अधिकारियों में खलबली मच गई है। प्रदेश के मेडिकल, डेंटल, पैरामेडिकल और नर्सिंग कॉलेजों को संबद्धता प्रदान करने के लिए अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी की स्थापना की गई। अभी तक 279 नर्सिंग, 65 मेडिकल कॉलेज, 16 डेंटल और 47 पैरामेडिकल कॉलेज संबद्ध हैं। समाज सेवी राज मोहन सक्सेना ने मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक समेत शासन को पत्र लिखकर शिकायत की थी। जिसमें दूसरे मेडिकल संस्थान से अटल यूनिवर्सिटी में तैनात डॉक्टरों को अलग-अलग विभागों में डीन के पद पर तैनाती दी गई है। इनके वेतन निर्धारण में गड़बड़ी के आरोप लगाए। पत्र में कहा कि मूल मेडिकल कॉलेज या विवि में जो डॉक्टर 250000 प्रति माह वेतन पा रहे थे। उन्हें अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी में 450000 प्रतिमाह वेतन प्रदान किया जा रहा है।

# बलरामपुर अस्पताल में मरीज की मौत

अमन लेखनी समाचार

- इलाज में लगाया लापरवाही का आरोप
- अस्पताल प्रशासन ने दिये मामले की जांच के आदेश

**लखनऊ।** बलरामपुर अस्पताल में ऑपरेशन के बाद मरीज की मौत पर परिजनों ने हंगामा किया। परिवार ने डाक्टरों और स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाया। मरीज की हालत बिगड़ने पर समय से इलाज न मिलने की शिकायत की गई।

अस्पताल में इलाज के दौरान सोमवार की दोपहर मरीज की मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मामले की शिकायत ड्ढी अस्पताल प्रशासन से की गई है। मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं। हरदोई के माझ गांव, मल्लावा निवासी विनोद शर्मा (55) को पेट फूलने की शिकायत पर 14 अप्रैल को बलरामपुर अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया था। पत्नी रानी शर्मा के मुताबिक, डॉक्टरों ने पेट का ऑपरेशन करने की बात कही। इसके लिए छह यूनिट खून भी चढ़ाया।

साले सूरज के मुताबिक शनिवार को डाक्टरों ने ऑपरेशन कर दिया। मरीज को न्यू बिल्डिंग के वार्ड में शिफ्ट करा दिया गया। आरोप है कि रविवार को मरीज की हालत बिगड़ने लगी। कई बार कहने के बावजूद कोई डॉक्टर देखने तक नहीं आया। स्टाफ ठीक होने की बात कहकर टालता रहा। नाक में पड़ी नली निकल गई उसे ड्ढी किसी ने ठीक नहीं किया। हालात बिगड़ने पर देर शाम मरीज को एसएसबी बिल्डिंग के आईसीयू वार्ड में शिफ्ट कराया गया।

आरोप है यहां ड्ढी किसी ने ठीक से नहीं देखा। सोमवार दोपहर करीब 12:30 बजे मरीज की मौत हो गयी। परिवारीजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। अस्पताल निदेशक डा. कविता आर्या के अनुसार मामले की जांच कराई जाएगी। लापरवाही के आरोप सही मिले तो संबंधित स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति होगी।

# मांगों को लेकर योगी से मिला आईएमए का प्रतिनिधिमंडल

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की। प्रदेश में बढ़ते झोलाछाप और अनाधिकृत चिकित्सीय गतिविधियों पर अंकुश लगाने की मांग की। इस संबंध में कमेटी गठित की जाए। जांच के बाद झोलाछाप की पहचान की जाए। ताकि मरीजों की जान जोखिम में डालने पर कठोर कार्रवाई की जा सके।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार अस्थाना एवं सचिव डॉ. श्वेता श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। डॉ. मनोज ने बताया कि प्रदेश में झोलाछाप मरीजों की जान से खेल रहे हैं। गैरकानूनी चिकित्सीय गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं।

मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की



- जनहित से जुड़े विषयों पर आवश्यक कार्रवाई का दिया आश्वासन

जरूरत है। इस संबंध में समन्वित कमेटी गठित की जाए। इसके अलावा जनस्वास्थ्य, चिकित्सा सेवा, सामाजिक दायित्वों एवं शासन की स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन में आईएमए की भूमिका बढ़ाई जाए। आईएमए के नए एवं विस्तृत भवन निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि आवंटन की जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतिनिधिमंडल की सभी बातों को गंभीरता से सुना। जनहित से जुड़े विषयों पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने और आम जनता को सुरक्षित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर आईएमए कार्यकारी सदस्य डॉ. अमित अग्रवाल, डॉ. अमित मदान एवं डा. आरबी सिंह मौजूद रहे।

# जनता दर्शन में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

## ने फरियादियो से सीधे संवाद करते हुये सुनीं समस्याएं, दिए समाधान के निर्देश

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ : 21 अप्रैल 2026 । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर आयोजित 'जनता दर्शन' में जन-सेवा और प्रशासनिक संवेदनशीलता की एक नई मिसाल पेश की। कार्यक्रम की सबसे खास बात यह रही कि उप मुख्यमंत्री ने औपचारिकताओं को परे रखते हुए स्वयं एक-एक फरियादी के पास जाकर, उनसे सीधे रूबरू होकर उनकी समस्याओं को अत्यंत आत्मीयता के साथ सुना। प्रदेश के विभिन्न सुदूर जनपदों से आए सैकड़ों फरियादियों ने अपनी पीड़ा साझा की, जिस पर श्री मौर्य ने न केवल उन्हें ढांढस बंधाया, बल्कि समस्याओं के समाधान हेतु मौके पर ही प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की।



जनता दर्शन के दौरान बांदा जनपद से आए रामदत्त और ओम प्रकाश ने भूमि से दबंगों द्वारा किए गए अनाधिकार कब्जे को हटवाने की गुहार लगाई। वाराणसी से आए विजय शर्मा ने गंभीर बीमारी के उपचार हेतु चिकित्सा सहायता अनुदान और राजेंद्र कुमार ने जटिल भूमि विवाद के त्वरित निस्तारण का आग्रह किया।

इसी क्रम में कानपुर देहात के दीपक कुमार ने अपने विरुद्ध दर्ज किए गए कथित फर्जी मुकदमे को निष्पक्ष जांच कर निरस्त कराने की अपील की, तो कासगंज के चंदन सिंह ने जमीन से जुड़े पुराने विवाद के न्यायसंगत निपटारे की मांग रखी। बदायूं जिले से आए फरियादियों की संख्या भी पर्याप्त रही, जिसमें राम विलास ने वैध विद्युत कनेक्शन होने के बावजूद दर्ज हुए मुकदमे की जांच कराने, चंद्रपाल ने बिजली संबंधी अन्य प्रकरणों और राम अवतार शाक्य ने अपनी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने का पत्र दिया, साथ ही, बलरामपुर के राम अक्षयबर ने असाध्य रोग के इलाज के लिए आर्थिक मदद, फरुर्खाबाद की प्रेमवती शाक्य व सीतापुर के दीपू ने आवास दिलाने और महोबा के दयाशंकर ने अपनी पट्टे की जमीन को दबंगों के चंगुल से छुड़ाने की व्यथा सुनाई। इन तमाम प्रकरणों पर तत्काल संज्ञान लेते हुए उप मुख्यमंत्री ने शासन की सक्रियता और संवेदनशीलता का परिचय दिया और कई जिलों के जिलाधिकारियों एवं (एसएसपी/एसपी) से दूरभाष पर सीधी वार्ता की और निर्देश दिये कि धरातल पर पीड़ित व्यक्ति को वास्तविक न्याय मिलना चाहिए। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि चिकित्सा सहायता, आवास और अंत्योदय से जुड़े मानवीय मामलों में तत्काल प्रक्रिया पूरी कर राहत पहुँचाई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा और सरकार हर पात्र व्यक्ति के साथ मजबूती से खड़ी है। श्री मौर्य के इस त्वरित, पारदर्शी और कड़े रुख ने न केवल प्रशासनिक तंत्र को जवाबदेह बनाया, बल्कि कैंप कार्यालय में मौजूद सैकड़ों लोगों के मन में न्याय के प्रति अटूट विश्वास भी जगाया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रत्येक समस्या का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाय।

# रिहन्द व ओबरा जलाशयों में मत्स्य पालन की अनियमितताओं पर कार्रवाई

## 6 दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों को मत्स्य निदेशालय से किया गया

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के मत्स्य मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद के निर्देश पर जनपद सोनभद्र में रिहन्द एवं ओबरा जलाशयों में संचालित केज मत्स्य पालन योजनाओं में प्राप्त शिकायतों एवं अनियमितताओं का गंभीरता से संज्ञान लेकर कठोर कार्रवाई करते हुए 06 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मत्स्य निदेशालय, लखनऊ से संबद्ध किया गया है। मत्स्य मंत्री के निर्देश पर गठित उच्चस्तरीय समिति की ओर से स्थलीय निरीक्षण किया गया, जिसमें विभिन्न स्तरों के वरिष्ठ अधिकारियों एवं जिला प्रशासन के प्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से जांच की गयी। निरीक्षण आख्या में यह स्पष्ट रूप से सामने आया कि लाभार्थियों के चयन एवं योजना क्रियान्वयन में गंभीर लापरवाही बरती गई है।

इस संबंध में मत्स्य विभाग की ओर से आवश्यक आदेश जारी किया गया है। आदेशानुसार दोषी पाए गए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को



तत्काल प्रभाव से मत्स्य निदेशालय, लखनऊ में सम्बद्ध कर दिया गया है। संबद्ध अधिकारियों एवं कर्मचारियों में धर्मेन्द्र सिंह बघेल, उप निदेशक मत्स्य (विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर), राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, सहायक निदेशक मत्स्य सोनभद्र, राकेश कुमार ओझा, ज्येष्ठ मत्स्य निरीक्षक, राजकुमार, वरिष्ठ सहायक, औरंगजेब खान, उर्दू अनुवादक सह वरिष्ठ सहायक तथा गोविन्द कुमार गुप्ता, कनिष्ठ सहायक है। इस संबंध में मत्स्य मंत्री डॉ. संयज कुमार निषाद ने कहा कि प्रदेश सरकार मत्स्य पालन क्षेत्र के समग्र विकास एवं मछुआ समुदाय के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। केज मत्स्य पालन जैसी योजनाओं को पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से लागू करना सरकार की प्राथमिकता है, जिससे लाभार्थियों को वास्तविक लाभ मिल सके और राज्य में मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा मिले। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मा0 मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है और जनहित से जुड़े कार्यों में लापरवाही करने वाले किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा तथा उत्तर प्रदेश में सुशासन और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

## संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से कार सवार मां बेटी घायल

बांगरमऊ, उन्नाव। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में एक कार अज्ञात वाहन से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई इस हादसे में घायल हुई मां बेटी को बांगरमऊ अस्पताल से रेफर कर दिया गया। कार सवार राहुल पुत्र रामरतन निवासी सेक्टर ए टी 1 थाना मानेसर जनपद गुड़गांव हरियाणा कार द्वारा पिता रामरतन व मा रेनू तथा बहन लक्ष्मी कुमारी के साथ कार द्वारा गुड़गांव से दरभंगा बिहार जा रहा था तभी सोमवार को अलसुबह बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर गांव जोगीकोट के निकट किन्ही परिस्थितियों में उनकी कार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी इस हादसे में कार सवार 45 वर्षीय रेनू तथा 17 वर्षीय लक्ष्मी दोनों मां बेटी घायल हो गई जिन्हे यूपीडा टीम के सहयोग से बांगरमऊ अस्पताल में भर्ती कराया गया जहा से उन्हें रेफर कर दिया गया।जबकि कार सवार राहुल व पिता रामरत्न दोनों को मामूली चोट आई।घटना के बाद यूपीडा टीम ने घटनास्थल का रेस्क्यू किया।

### अनियंत्रित ई रिक्शा पलटा मासूम समेत चार घायल

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में सोमवार की दोपहर संडीला मार्ग पर ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट जाने से मासूम और दम्पति सहित चार लोग घायल हो गए ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।औरास थाना क्षेत्र के नेवरा उदई गांव निवासी किशन पुत्र धनपति, पत्नी बीना, सुनीता पत्नी शिव राम, आरुषी पुत्री शिव राम के साथ ई रिक्शा से मियागंज चौराहे जा रहे थे इसी बीच मियागंज संडीला मार्ग पर मकबूल खेडा गांव के पास ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे रिक्शा सवार मासूम सहित चार लोग घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### रेलवे क्रासिंग पर ओवर हालिंग के बाद भी नहीं हुआ भरान

उन्नाव। चकलवंशी मियागंज मार्ग पर मेथीटीकुर रेलवे क्रासिंग पर ओवर हालिंग के बाद विभाग द्वारा एक माह बाद भी लाइन के बीच में भरान नही कराया गया जिससे अक्सर बाइक सवार गिर कर चोटहिल हो रहे हैं वही ई रिक्शा सहित अन्य छोटे वाहन चालकों को निकलने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है नागरिकों ने विभागीय अधिकारियों से लाइन के बीच बने गढ्ढे सही कराये जाने की मांग की है।कानपुर बालामऊ रेलवे लाइन पर मेथीटीकुर रेलवे क्रासिंग पर ओवर हालिंग का कार्य 17 मार्च को रेलवे विभाग द्वारा कराया गया था जिसके बाद विभाग द्वारा लाइन में सिर्फ बड़े पत्थर डाल दिया और उसे ठीक कराना उचित नहीं समझा जिससे चकलवंशी मियागंज मार्ग पर चलने वाले वाहनों के चालकों के साथ बाइक सवार व ई रिक्शा अक्सर उसमे फस कर पलट जाते हैं क्षेत्रीय लोगों ने विभागीय अधिकारियों से रेलवे लाइन के बीच में बने गढ्ढे बंद कराये जाने की मांग की है।

# मिशन शक्ति का असर - गरीबी से ग्लैमर तक : शिवानी ने बदली अपनी तकदीर, बना डाला ग्लैमर ब्यूटी पार्लर

अमन लेखनी समाचार




सुमेरपुर, उन्नावजहाँ चाह, वहाँ राह₹–इस कहावत को सच साबित करते हुए उन्नाव की शिवानी ने गरीबी की बेड़ियों को तोड़कर आत्मनिर्भरता की नई इबारत लिखी है।बिहार थाना क्षेत्र के गढ़ी बिहार की रहने वाली शिवानी, जो कभी आर्थिक तंगी से जूझ रही एक साधारण परिवार की बेटी थी, आज अपनी मेहनत और हौसले के दम पर एक सफल उद्यमी बन चुकी है।यह कहानी न केवल संघर्ष की है, बल्कि उस विश्वास और सहयोग की भी है, जिसने एक गरीब लड़की के सपनों को उड़ान दी।

बतातें चलें कि शिवानी पुत्री बीरेन्द्र कुमार का परिवार बेहद सीमित संसाधनों में जीवन यापन करता था। ऐसे में उनके लिए अपने पैरों पर खड़ा होना किसी चुनौती से कम नहीं था। लेकिन कहते हैं कि अगर इरादे मजबूत हों, तो मुश्किलें भी रास्ता नहीं रोक पातीं।शिवानी के जीवन में यही बदलाव तब आया, जब थाना बिहार में तैनात मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी उप निरीक्षक रेखा दुबे ने उनकी स्थिति को समझते हुए आर्थिक सहयोग प्रदान किया। उप निरीक्षक रेखा दुबे के सहयोग से शिवानी ने एक छोटे स्तर पर ब्यूटी पार्लर की शुरूआत की। शुरूआत भले ही छोटी थी, लेकिन शिवानी के सपने बड़े थे।उन्होंने अपने काम में पूरी लगन, मेहनत और ईमानदारी दिखाई। ग्राहकों के साथ अच्छा व्यवहार और गुणवत्ता पूर्ण सेवाओं के चलते धीरे-धीरे उनका काम बढ़ने लगा। समय के साथ शिवानी ने अपने छोटे से पार्लर को विस्तार देते हुए आज ह्यग्लैमर ब्यूटी पार्लर के रूप में विकसित कर लिया है, जो बिहार-मौरावाँ रोड स्थित राठौर मार्केट में संचालित हो रहा है। यह पार्लर अब क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुका है और कई लोगों के लिए रोजगार का भी माध्यम बन रहा है।यह सफलता केवल शिवानी की नहीं, बल्कि मिशन शक्ति अभियान की भी एक जीवंत मिसाल है, जो महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। उप निरीक्षक रेखा दुबे का यह प्रयास दशार्ता है कि यदि प्रशासनिक अधिकारी संवेदनशीलता के साथ आगे बढ़ें, तो समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है।आज शिवानी न केवल अपने परिवार का सहारा बनी हैं, बल्कि अन्य लड़कियों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत हैं।उनकी कहानी यह संदेश देती है कि परिस्थितियाँ चाहे जैसी भी हों, अगर सही मार्गदर्शन और सहयोग मिल जाए, तो हर सपना साकार हो सकता है।

# गेहूं के खेत में लगी आग पराली व भूसा जलकर राख

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव।तहसील क्षेत्र के गाव सरांय मनिहार मे गेंहू के खेतों मे लगी आग से लगभग पचास बीघा से अधिक की गेहूं की पराली व भूसा जल कर राख हो गया। सोमवार सुबह करीब दस बजे मे अज्ञात कारणों से गेंहू कटने के बाद भूसा बनाने के लिए खेतों मे पड़ी गेहूं की परली में आग लगने से लगभग पचास बीघा की पराली जल गयी ।वही बच्चू सिंह का खेतों मे पडा लगभग दस ट्राली भूस जल गया ।वही अन्य किसान आनन्द सिंह , महेन्द्र सिंह , अलगू पाल , केशन लोध , बचनपाल सहित अन्य किसानों के खेतों मे भूसा बनाने के लिए पड़ी गेहूं की पराली जल गयी ।ग्रामीणों की मदत से आग पर काबू पाया जा सका ।वही फायर ब्रिगेड सूचना देने के बाद करीब चार घंटे बाद पहुंची जबतक आग बुझ चुकी थी ।पराली जलने से किसानों के सामने जानवरो के लिए भूसा की समस्या पैदा हो गई इस सम्बन्ध मे एसडीएम रनवीर सिंह से जानकारी करने पर बताया कि राजस्व टीम भेज कर किसानों के नुकसान का आकलन करवाकर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी ।

# पत्नी प्रेमी के साथ हुई रफूचक्कर पति ने दर्ज कराया मुकदमा




अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत पत्नी को भगा ले जाने पर पति ने नामजद तहरीर दी है जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।थाना क्षेत्र के एक गाँव से पीड़ित पति ने तहरीर देकर बताया कि उसकी पत्नी को ओमप्रकाश गल्ला व्यापारी ग्राम कुम्भी थाना बारासगवर ने बहला फुसला कर अपने मायाजाल में फसाकर अपने साथ ले जाकर कही बेच दिया और पत्नी अपने साथ दो लाख के जेवर भी साथ ले गयी।थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# समस्या को लेकर शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार




पुरवा, उन्नाव। परिषदीय स्कूलों के मध्यान्ह भोजन हेतु गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराने तथा जनगणना ड्यूटी में विसंगतियों को दूर कराने हेतु प्रार्थनापत्र शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने एसडीएम को दिया। सोमवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलामंत्री/ब्लाक अध्यक्ष पुरवा गजेन्द्र वर्मा तथा जूनियर शिक्षक संघ के जिलामंत्री/ब्लाक अध्यक्ष पुरवा रामजन्म सिंह ने संयुक्त रूप से परिषदीय स्कूलों व शिक्षकों की समस्याओं के सम्बंध में उपजिलाधिकारी पुरवा प्रमेश श्रीवास्तव को एक प्रार्थनापत्र दिया जिसमें उन्होंने गैस एजेंसियों द्वारा स्कूलों को सिलेण्डर न देने व शिक्षकों को गुमराह करने का आरोप लगाया। संघ के पदाधिकारियों ने एसडीएम को बताया कि जिला पूर्ति अधिकारी के स्पष्ट निर्देश के बाद भी एजेंसी के जिम्मेदार शिक्षकों को बार-बार दौड़ा रहे हैं और समय से गैस सिलेंडर मुहैया कराने में आनाकानी कर रहे हैं।साथ ही उन्होंने एसडीएम को बताया कि जनगणना 2027 के सम्बंध में शिक्षकों की वरिष्ठता को नजर अंदाज करते हुए अधिक ग्रेड पे वाले शिक्षक को प्रगणक बना दिया गया है जबकि कम ग्रेड पे वाले शिक्षक को सुपरवाइजर बनाया गया है। संघ के पदाधिकारियों ने एसडीएम से अनुरोध करते हुए कहा कि उक्त प्रकरणों पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए निर्णय लिया जाए जिससे परिषदीय स्कूलों में एमडीएम व्यवस्था सुचारु रूप से जारी रहे तथा जनगणना ड्यूटी करने में शिक्षकों को असहज न होना पड़े। एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने पदाधिकारियों को शीघ्र उचित कार्यवाही का भरोसा दिलाया है।

# सशक्त नारी समृद्ध भारत विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। सशक्त नारी, समृद्ध भारत' एक विकसित राष्ट्र के निर्माण का मुख्य आधार है, जो महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक सशक्तिकरण पर केंद्रित है। इसका उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और निर्णय लेने की क्षमता में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर पचास प्रतिशत आबादी को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा में लाना है₹ उक्त बातें कम्पोजिट स्कूल रनियाँमऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में शिक्षक अमित तिवारी ने कहीउन्होंने कहा कि नारी शक्ति का अर्थ है- शिक्षित, सुरक्षित और आत्मनिर्भर नारी, जो समृद्ध भारत की नींव को मजबूत करती है।विद्यालय में ₹सशक्त नारी, समृद्ध भारत' विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने बढ़चढ़कर भाग लियोनिबंध प्रतियोगिता में कक्षा सात की अंबिका प्रथम,कक्षा सात की आशिका द्वितीय तथा कक्षा छह के प्रिंस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# रेलवे में उत्कृष्ट योगदान के लिए किया गया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार




बांगरमऊ, उन्नाव। दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित 'साधना सप्ताह 2026' के दौरान नगर निवासी अपूर्व शुक्ला को भारतीय रेलवे में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया है।इस अभूतपूर्व उपलब्धि से उन्होंने नगर और जिले का नाम रोशन किया है।विज्ञान भवन दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में बीते दिनों भारत सरकार द्वारा इंडियन रेलवे इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट (IRITM), लखनऊ को विशेष पुरस्कार से नवाजा गया है।यह सम्मान संस्थान को उसके तकनीकी नवाचार और कुशल प्रबंधन के लिए दिया गया है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन जितेंद्र सिंह द्वारा प्रदान किया गया। रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार और IRITM के महानिदेशक रंजन प्रकाश ठाकुर के साथ अपूर्व शुक्ला ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। ?सबसे गर्व की बात यह है कि अपूर्व शुक्ला नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सुभाष इंटर कालेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार शुक्ला के ज्येष्ठ पुत्र तथा उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ के वरिष्ठ अधिवक्ता अनुभव शुक्ला के बड़े भाई हैं। उनकी इस उपलब्धि से न केवल रेलवे विभाग में उनका कद बढ़ा है, बल्कि उनके पैतृक नगर सहित जिले में भी खुशी की लहर दौड़ गई है।स्थानीय नागरिकों और शुभचिंतकों ने आज सोमवार को उनके माता-पिता से भेंट कर हर्ष व्यक्त किया। भारतीय रेलवे में सेवा के पूर्व श्री शुक्ला भारतीय वायु सेना में भी सेवाएं दे चुके हैं।

**मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज हिमांशु बडोनी द्वारा करीब तीन वर्ष पूर्व भाऊपुर के स्टेशन मास्टर रहते अपूर्व शुक्ला को संरक्षा पुरस्कार से भी नवाजा जा चुका है। घटनाक्रम के अनुसार 15 अगस्त 2023 को मालगाड़ी के सिग्नल का आदान प्रदान करते समय गाड़ी के 12 वें बैगन का दरवाजा खतरनाक ढंग से खुलकर लटक रहा था।तब खतरा भांपकर स्टेशन मास्टर शुक्ल ने संबंधित तकनीकी अधिकारियों को सूचना देकर संभावित दुर्घटना को संरक्षित किया था।इसके लिए उन्हें मंडल रेल प्रबंधक द्वारा एक हजार रुपए के नगद संरक्षा पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था।**

# नगर पंचायत में लगी स्ट्रीट लाइटें बनी शोपीस

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव।नगर पंचायत पुरवा में सड़क किनारे लगी स्ट्रीट लाइटें शोपीस बनकर रह गई हैं। अंधेरा होते ही जहां कस्बा की कुछ क्षेत्र की स्ट्रीट लाइटों की रोशनी से चार चांद लग जाता है तो वहीं दूसरी ओर कुछ वार्ड अपनी किस्मत को कोसते हैं।आपको अवगत करा दें कि स्थानीय नगर पंचायत में पुरवा मौरावां मुख्य मार्ग पर मिर्री चौराहा से मझिगवां तिराहे पर लगी स्ट्रीट लाइटें दो माह से खराब पड़ी हैं।



इससे सड़क पर अंधेरा होने के कारण नगरवासियों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। वैसे नगर पंचायत ने इन लाइटों को लगवाने में मोटी रकम खर्च कर दी।लाइटें लगने के बाद मुश्किल तीन माह तक ही जल पाईं और अब शोपीस बनी खड़ी हैं। स्थानीय मोहल्ला-वासियों ने बताया कि नगर पंचायत को कई बार मौखिक शिकायत की गई लेकिन परिणाम वही ढाक के तीन पात वाला ही निकला। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जब मुख्य मार्ग की व्यवस्था ही धड़ाम है तो नगर के भीतर के हालात और बुरे होंगे।आखिर जिम्मेदार कब तक मौन रहेंगे ?

# भीषण गर्मी, 7:30 से 2:30 तक स्कूल संचालन से बच्चों-शिक्षकों में हाहाकार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। पड़ रही भीषण गर्मी और हीट वेव के बीच परिषदीय विद्यालयों का संचालन प्रातः 7:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक किया जा रहा है।दोपहर के समय तापमान 42 डिग्री के पार जा रहा है, जिससे बच्चों और शिक्षकों दोनों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।अभिभावकों का कहना है कि 12 बजे के बाद कक्षाओं में बैठना बच्चों के स्वास्थ्य के लिए खतरा बन गया है।कई स्कूलों में पंखे भी ठीक से नहीं चलते और बिजली कटौती अलग से मुसीबत बढ़ाती है।छोटे बच्चे लू लगने, डिहाइड्रेशन और बुखार की चपेट में आ रहे हैं।शिक्षकों ने भी बताया कि दोपहर में पढ़ाना मुश्किल हो गया है – बच्चे सुस्त हो जाते हैं और एकाग्रता नहीं रहती।स्थानीय लोगों और शिक्षक संगठनों की मांग है कि गर्मी और हीट वेव को देखते हुए विद्यालय का समय तत्काल बदला जाए। उनका सुझाव है कि स्कूलों का संचालन सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक किया जाए, ताकि तेज धूप से पहले ही बच्चे घर पहुंच जाएं। अभिभावकों में नाराजगी है कि जिला प्रशासन इस मुद्दे पर मौन साधे हुए है।लोगों का आरोप है कि एसी कमरों में बैठे अधिकारियों को जमीनी हालात का अंदाजा नहीं है।कई जिलों में गर्मी को देखते हुए समय परिवर्तन के आदेश जारी हो चुके हैं, लेकिन उन्नाव में अभी तक कोई कदम नहीं उठाया गया। अभिभावकों ने चेतावनी दी है कि अगर किसी बच्चे के साथ गर्मी के कारण कोई अनहोनी होती है तो इसकी जिम्मेदारी सीधे प्रशासन की होगी। फिलहाल सभी की निगाहें जिलाधिकारी के आदेश पर टिकी हैं।

# पंपिंग सेट की चपेट से किशोरी की दर्दनाक मौत

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी अपने भाई के लिए खाना ले जाते समय रास्ते पंपिंग सेट से पानी पीते समय पंपिंग सेट के चपेट आने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, परिजनों ने किशोरी का अंतिम संस्कार देर शाम दबौली घाट पर किया।

फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के ऊगू ग्रामीण के मिट्ठू खेडा निवासी सुरेश रैदास का बेटा टिल्लू कालीमिट्टी स्थित एक वॉल कम्पाउन्ड में मेनत मजदूरी करता है, आज सुरेश की 15 वर्षीय पुत्री शिव कन्या अपने भाई के दोपहर का खाना देने घर से कालीमिट्टी आ रही थी, अभी कालीमिट्टी ऊगू सडक मार्ग पर गणेश पाण्डेय के खेत में सिंचाई कर रहे ट्यूबबेल से लगे पंपिंग सेट के पास पहुंच कर वह पानी पीने लगी, किसी तरह उसका दुपट्टा पंपिंग सेट की चपेट में आने से वह भी उसी में फंस के मौके पर ही काल के गाल मे समा गई। खबर मिलते ही परिजनो मे कोहराम मच गया, परिजन वहां पहुंच बदहवाश हो गए। मृतका किशोरी का पिता नासिक मे वाल कंपाउड की दुकान मे मेहनत मजदूरी करता है। मृतक दो भाई तीन बहने है बहनो में बड़ी थी । इस घटना से परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है।

# जर्जर सड़क से राहगीरों का चलना मुश्किल जिम्मेदार मौन



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव।विकासखंड क्षेत्र के भइया खेड़ा, पनई बुजुर्ग और लाला खेड़ा को जोड़ने वाली सड़क की हालत जर्जर हो गई है।इससे स्थानीय ग्रामीणों, राहगीरों और स्कूली बच्चों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं और यह पूरी तरह से टूट चुकी है।इन गड्ढों के कारण वाहन चालकों के साथ-साथ पैदल चलने वालों को भी आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।विशेष रूप से स्कूली बच्चों को स्कूल आने-जाने में परेशानी हो रही है।स्थानीय निवासियों ने सड़क की खराब हालत पर चिंता व्यक्त की है।उन्होंने बताया कि गहरे गड्ढों के कारण उनका दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है।इन निवासियों ने स्थानीय प्रशासन से सड़क की मरम्मत की मांग की है।

# शादी में ना बुलाने पर मैरिज हॉल का गेट तोड़ा

## ट्रैक्टर लेकर फंक्शन में घुसा, मारपीट कर मचाया उत्पात, पत्नी के शामिल होने से नाराज

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर , एक युवक ने शादी समारोह में न बुलाए जाने से नाराज होकर मैरिज हॉल का गेट ट्रैक्टर से तोड़ दिया।यह घटना कटरा थाना क्षेत्र के एक मैरिज हॉल में हुई, जहां युवक की पत्नी मायके पक्ष की ओर से शादी में शामिल होने आई थी।जानकारी के अनुसार, तिलहर थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति की बेटी की शादी बरेली के भुता थाना क्षेत्र में तय हुई थी।शादी समारोह कटरा-खुदागंज मार्ग स्थित एक मैरिज हॉल में आयोजित किया गया था। चर्चा है कि, कटरा थाना क्षेत्र निवासी युवक को इस शादी में आमंत्रित नहीं किया गया था, जबकि उसकी पत्नी वर पक्ष के बुलावे पर मायके पक्ष की ओर से शामिल हुई थी।युवक का पत्नी से पहले से विवाद भी चल रहा था। पत्नी के शादी में शामिल होने से युवक नाराज हो गया।रात में वह शादी समारोह में पहुंचा और अपनी पत्नी के साथ मारपीट की। इस घटना के बाद समारोह में हंगामा हुआ और युवक वहां से चला गया। कुछ देर बाद, आरोपी रात में ही ट्रैक्टर लेकर मैरिज हॉल लौट आया।उसने परिसर में ट्रैक्टर से कई चक्कर लगाए, जिससे वहां मौजूद लोग बाल-बाल बचे। बताया जा रहा है कि युवक शराब के नशे में था।फिलहाल पुलिस इस प्रकरण में समझौता कराने में जुटी है।इसके बाद, युवक ट्रैक्टर लेकर मैरिज हॉल के अंदर गया और मुख्य गेट को तोड़ दिया। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। कटरा थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्ष आपस में बैठकर मामले का निस्तारण कर रहे हैं। कटरा थाना प्रभारी अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि मारपीट की सूचना नही है। पति पत्नी के बीच विवाद होने की जानकारी है। युवक शराब के नशे में था। उसको गिरफ्तार करना या हिरासत में लेने जैसी कोई बात नही है। दोनो पक्ष आपस में बैठकर मामले का निस्तारण कर रहे हैं। किसी भी पक्ष की तरफ से तहरीर नही मिली है।

## सम्पादकीय

# महिला हित में राजनीति से ऊपर उठें सभी दल

भारतीय लोकतंत्र में लंबे इंतजार के बाद महिला आरक्षण को लेकर आया "नारी शक्ति वंदन अधिनियम" केवल एक विधायी पहल नहीं, बल्कि सामाजिक-राजनीतिक परिवर्तन की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। दशकों से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए यह कानून लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33% महिला आरक्षण का रास्ता खोलता है। ऐसे समय में जब संसद में महिलाओं की भागीदारी अभी भी सीमित रही है, यह पहल लोकतंत्र को अधिक प्रतिनिधिक और समावेशी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। ऐसे में सभी विपक्षी दलों को चाहिए कि वे महिला हित में राजनीति से ऊपर उठें और इस बिल का समर्थन करें। हालांकि तेलंगाना, तमिलनाडु समेत दक्षिण के कुछ राज्य इसके विरोध में हैं, लेकिन इस ऐतिहासिक पहल के साथ एक कड़वी सच्चाई भी सामने आई है। वह विपक्षी दलों में श्रेय लेने की होड़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष से यह कहकर कि "आप श्रेय ले लीजिए, लेकिन महिला हित में समर्थन दीजिए", एक तरह से उस राजनीतिक मानसिकता को उजागर किया है, जहां मुद्दे से ज्यादा महत्व श्रेय को दिया जाता है। सवाल यह है कि क्या देश की आधी आबादी के अधिकार भी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा की भेंट चढ़ेंगे? यह विधेयक केवल संख्या बढ़ाने का प्रयास नहीं है। आज संसद में महिलाओं की भागीदारी लगभग 14-15 प्रतिशत के आसपास है, जो लोकतांत्रिक संतुलन के लिहाज से अपर्याप्त है। ऐसे में 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान नीति-निर्माण में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाएगा और निर्णयों को अधिक संवेदनशील तथा समावेशी बनाएगा। यह 'महिला विकास' से आगे बढ़कर 'महिला-नेतृत्व विकास' की दिशा में एक वैचारिक बदलाव भी है। फिर भी, इस पहल के साथ कुछ गंभीर सवाल जुड़े हुए हैं। सबसे बड़ी चिंता इसका कार्यान्वयन है, जिसे परिसीमन और जनगणना से जोड़ दिया गया है। इसका सीधा अर्थ है कि यह कानून 2029 तक ही प्रभावी हो पाएगा। क्या यह देरी अनिवार्य है या राजनीतिक सुविधा का परिणाम? यह सवाल इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इतिहास गवाह है कि कई बार अच्छे कानून भी लागू होने में वर्षों की देरी के कारण अपना प्रभाव खो देते हैं। इसके अलावा, सीटों के रोटेशन की व्यवस्था भी एक जटिल मुद्दा है। लगातार बदलती सीटें महिला प्रतिनिधियों के लिए स्थिर राजनीतिक आधार तैयार करने में बाधा बन सकती हैं। लोकतंत्र में निरंतरता और अनुभव का महत्व कम नहीं आंका जा सकता, इसलिए इस व्यवस्था पर गंभीरता से पुनर्विचार आवश्यक है। विपक्ष द्वारा उठाया गया एक और महत्वपूर्ण मुद्दा है ओबीसी महिलाओं के लिए अलग आरक्षण का अभाव। यदि महिला आरक्षण का लाभ समाज के सभी वर्गों तक समान रूप से नहीं पहुंचता, तो यह सशक्तिकरण अधूरा रह जाएगा। इसलिए यह जरूरी है कि इस कानून के क्रियान्वयन में सामाजिक न्याय के व्यापक पहलुओं को भी ध्यान में रखा जाए। आज जरूरत इस बात की है कि सभी दल इस मुद्दे पर राजनीति से ऊपर उठें। यह केवल सत्ता या विपक्ष का सवाल नहीं, बल्कि समाज के संतुलित विकास का प्रश्न है। महिला सशक्तिकरण को यदि सच में राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाना है, तो इसे राजनीतिक प्रतिस्पर्धा से अलग रखना होगा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक अवसर है भारतीय लोकतंत्र को अधिक समावेशी, संतुलित और संवेदनशील बनाने का, लेकिन यह अवसर तभी सार्थक होगा, जब इसे ईमानदारी से लागू किया जाए और राजनीतिक दल इसके पीछे छिपे व्यापक उद्देश्य को समझें।



संसद सत्र
डॉ. सतीश पूनिया

यह भारतीय जनता पार्टी की देश की आधी आबादी को उनका वांछित अधिकार दिलाने की मंशा और इच्छाशक्ति का भी सत्र है। गुरुवार को संसद में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026, परिसीमन विधेयक 2026 और केंद्र-शासित प्रदेश कानून (संशोधन विधेयक), 2026 सदन में प्रस्तुत किए गए। इसके माध्यम से विधायिका में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण को लागू करने का प्रस्ताव है। भारतीय राजनीति में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। पिछले एक दशक में देश और दुनिया ने यह अनुभव किया है कि भारत में महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक तौर पर सशक्त किया गया है।

# महिला आरक्षणः नारी शक्ति से राष्ट्र शक्ति

संसद का यह विशेष सत्र भारतीय संसद के इतिहास में हमेशा याद रखा जाएगा। यह भारतीय जनता पार्टी की देश की आधी आबादी को उनका वांछित अधिकार दिलाने की मंशा और इच्छाशक्ति का भी सत्र है। गुरुवार को संसद में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026, परिसीमन विधेयक 2026 और केंद्र-शासित प्रदेश कानून (संशोधन विधेयक), 2026 सदन में प्रस्तुत किए गए। इसके माध्यम से विधायिका में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण को लागू करने का प्रस्ताव है। भारतीय राजनीति में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। मोदी सरकार के नेतृत्व में पिछले एक दशक में देश और दुनिया ने यह अनुभव किया है कि भारत में महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक तौर पर सशक्त किया गया है।

इसके लिए महिला आधारित अनेक योजनाओं का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। महिलाओं को राजनीतिक तौर पर सशक्त करने की उसी मंशा के अनुरूप मोदी सरकार विधानसभा और संसद में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने के उद्देश्य से महिला आरक्षण के प्रावधान को शीघ्र लागू करने की दिशा में पहल की है। भारत पुरातन प्रवाह का राष्ट्र है। एक विशिष्ट इतिहास, संस्कृति और विरासत के कारण विश्व में एक पहचान वाला राष्ट्र है। जहां भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक भिन्नताएं होते हुए भी 'अनेकता में एकता' ऐसा दृश्य परिलक्षित होता है। विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत आधुनिक युग में लोकतांत्रिक व्यवस्था की अक्षुण्णता के लिए भी माना जाता है। आज विश्व के मानचित्र पर भारत की एक आत्मनिर्भर स्वाभिमानी राष्ट्र की पहचान है। भारत के लोकतंत्र को दृढ़ता भारत के संविधान ने दी है जो एक वैशिष्ट्य लिए हुए है, जिसमें नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों में बखूबी उल्लेख किया गया है। भारत के संविधान में प्रदत समानता के अधिकारों ने इसे और पुष्ट किया है, इसलिए लैंगिक समानता के अवसर सुनिश्चित करने के लिए यह उत्कंठा हमेशा रही है कि गार्गी, मैत्रेयी के पुरातन परंपरा के देश में महिलाओं यानि आधी आबादी को पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिले ताकि शासन में, निर्णयों में भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ ही नारी के उत्थान और उत्कर्ष में पूर्वक अपना योगदान दे सकें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महिलाओं को उनका वांछित अधिकार दिलाने का निर्णय भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और उसके नेतृत्व की महिलाओं के प्रति संवेदनशील नीति का ही आईना है। भारतीय जनसंघ और भाजपा के वैचारिक स्तंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय अपने 'एकात्म मानववाद' के सिद्धांत में समाज को एक जीवंत इकाई के रूप में देखते हैं। उनके अनुसार, समाज के प्रत्येक अंग का सशक्त होना आवश्यक है और नारी इसमें केंद्रीय भूमिका निभाती है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पुरुष और स्त्री परस्पर पूरक हैं। किसी एक की उपेक्षा राष्ट्र को कमजोर बना देती है। यह दर्शन आज मोदी सरकार की नीतियों में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, जहां महिला सशक्तिकरण को केवल सामाजिक न्याय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय पुनरुत्थान का आधार माना गया है। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं की



भागीदारी को हमेशा प्राथमिकता दी। उन्होंने संसद में महिला आरक्षण विधेयक लाने का साहसिक प्रयास किया, भले ही वह उस समय राजनीतिक बाधाओं के कारण सफल नहीं हो सका। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनधन योजना शुरू हुई तो देश की 32 करोड़ से ज्यादा महिलाओं के बैंक खाते खुले। आज देश की बेटियां नए-नए बिजनेस में अपनी पहचान बना रही हैं। मुद्रा योजना में 60% से ज्यादा लोन महिलाओं ने लिए हैं। देश की स्टार्टअप क्रांति को भी महिलाएं लीड कर रही हैं। आज 42% से ज्यादा रजिस्टर्ड स्टार्टअप्स में कम से कम एक महिला डायरेक्टर है। यह हमारे लिए, देश के लिए और देश की आधी आबादी के लिए गौरव की बात है कि इस समय हमारे देश में राष्ट्रपति से लेकर वित्त मंत्री जैसे अहम पद महिलाएं ही संभाल रही हैं। उन्होंने देश की गरिमा और गौरव, दोनों को बढ़ाया है। साल 2023 में जब नारी शक्ति वंदन अधिनियम आया था, तब भी सभी दलों ने सर्वसम्मति से इसे पास कराया था। तब एक सुर में ये बात भी उठी थी कि इसे हर हाल में 2029 तक लागू हो जाना चाहिए। खासकर, हमारे विपक्ष के सभी साथियों ने मुखर होकर इस बात पर जोर डाला था कि 2029 में ये लागू हो जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने उसी संकल्प को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में महिला सशक्तिकरण को लेकर जो ठोस कदम उठाए गए हैं, उन्होंने समाज की संरचना को बदलने का कार्य किया है। फिर चाहे वह सम्मानजनक जीवन जीने के लिए स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालयों के निर्माण की बात हो, या फिर 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के माध्यम से महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने का प्रयास हो। यह योजनाएं केवल सुविधाएं नहीं, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर और आत्मसम्मानी बनाने के साधन हैं। आर्थिक सशक्तिकरण के मोर्चे पर भी मोदी सरकार लगातार महिलाओं के लिए कार्य कर रही हैं। जन-धन खातों, स्वयं सहायता समूहों और मुद्रा योजनाओं ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया है। आज ग्रामीण भारत में लाखों महिलाएं उद्यमिता की ओर अग्रसर हैं। लखपति दीदी के माध्यम से मोदी सरकार ने महिलाओं को उद्यमिता में आगे बढ़ाने का काम किया है। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियान के माध्यम से महिलाओं के प्रति समाज की सोच में क्रांतिकारी बदलाव लाने में मोदी सरकार ने अभूतपूर्व काम किया। इस अभियान से निश्चित रूप से सामाजिक मानसिकता में परिवर्तन आया है। इसका परिणाम भी हमें पिछले दस-ग्यारह वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में देखने को मिला है। खेल, विज्ञान, शिक्षा, राजनीति और आर्थिक क्षेत्र में देश की महिलाओं ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। 73वें और 74वें संविधान संशोधन के बाद पंचायतों में महिलाओं को आरक्षण तो मिला, लेकिन लंबे समय तक 'सरपंच पति' जैसी प्रवृत्तियां इस व्यवस्था को कमजोर करती रहीं।

मोदी सरकार ने 'सशक्त पंचायत-नेत्री अभियान' के माध्यम से इस प्रवृत्ति को चुनौती दी है। सशक्त पंचायत - नेत्री अभियान जैसी महत्वपूर्ण पहल से पूरे देश में पंचायती राज संस्थाओं की महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों को सशक्त किया गया। 4 मार्च 2025 को नई दिल्ली में 'सशक्त पंचायत-नेत्री अभियान' का शुभारंभ किया गया। वर्षों की जड़ता और संघर्ष तथा विमर्श के बाद मोदी सरकार में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक उल्लेखनीय, ऐतिहासिक एवं स्तुत्य कदम है। 2029 तक संसद और विधानसभाओं में में 33% महिला प्रतिनिधित्व का लक्ष्य भारत को न केवल एक आर्थिक शक्ति, बल्कि एक न्यायपूर्ण और समावेशी लोकतंत्र के रूप में स्थापित करेगा।

आधी दुनिया
महेन्द्र तिवारी



# लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी का भविष्य

भारत का लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र माना जाता है, लेकिन प्रतिनिधित्व के स्तर पर यह लंबे समय तक आधा अधूरा रहा है क्योंकि जनसंख्या का लगभग आधा हिस्सा होने के बावजूद महिलाएं राजनीतिक संस्थाओं में पर्याप्त रूप से शामिल नहीं हो पाई हैं। इसी ऐतिहासिक असंतुलन को दूर करने के उद्देश्य से 2023 में पारित संविधान का संशोधन अधिनियम, जिसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम कहा जाता है, एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में सामने आया। यह अधिनियम लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने का प्रावधान करता है, जिसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए भी उप आरक्षण शामिल है। यह कानून लगभग 27 वर्षों से चल रही बहस और राजनीतिक प्रयासों का परिणाम है। 19 सितंबर 2023 को इसे लोकसभा में प्रस्तुत किया गया और 20 तथा 21 सितंबर को दोनों सदनों से पारित कर दिया गया। 28 सितंबर 2023 को राष्ट्रपति की स्वीकृति के बाद यह संविधान का हिस्सा बन गया। इस अधिनियम का उद्देश्य स्पष्ट है, लेकिन इसकी वास्तविकता को समझने के लिए वर्तमान स्थिति पर नजर डालना जरूरी है। आज लोकसभा की 543 सीटों में से केवल 74 सीटों पर महिलाएं हैं, जो लगभग 13.6 प्रतिशत है। यह संख्या 2019 के 78 से थोड़ी कम है। वहीं देशभर में कुल 4666 सांसदों और विधायकों में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 10 प्रतिशत के आसपास है। 2024 के लोकसभा चुनाव में कुल 8360 उम्मीदवारों में केवल 797 महिलाएं थीं, यानी लगभग 9.6 प्रतिशत, और लगभग 28 प्रतिशत सीटों पर कोई महिला प्रत्याशी ही नहीं था। यह आंकड़े इस बात को स्पष्ट करते हैं कि महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी अभी भी संरचनात्मक बाधाओं से घिरी हुई है। इसके विपरीत यदि पंचायती राज संस्थाओं को देखा जाए तो तस्वीर बिल्कुल अलग दिखाई देती है। यहां महिलाओं की भागीदारी लगभग 46.6 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है और कई राज्यों में यह 50 प्रतिशत से भी अधिक है। यह अनुभव इस बात का प्रमाण है कि जब आरक्षण को सही तरीके से लागू किया जाता है तो महिलाएं न केवल प्रतिनिधित्व प्राप्त करती हैं बल्कि प्रभावी नेतृत्व भी प्रस्तुत करती हैं। वैश्विक तुलना में भी भारत पीछे है। रवांडा में संसद में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 64 प्रतिशत है, क्यूबा में 53 प्रतिशत, निकारागुआ में 52 प्रतिशत और संयुक्त अरब अमीरात में 50 प्रतिशत। इस परिप्रेक्ष्य में भारत का आंकड़ा अपेक्षाकृत कम है, जो यह दर्शाता है कि केवल लोकतांत्रिक ढांचा पर्याप्त नहीं है, बल्कि समावेशी नीतियों की भी आवश्यकता होती है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम इस कमी को दूर करने की दिशा में एक बड़ा प्रयास है, लेकिन इसके कार्यान्वयन से जुड़ी शर्तें इसे जटिल बना देती हैं। अधिनियम में जोड़ा गया अनुच्छेद 334ए यह स्पष्ट करता है कि महिलाओं के लिए आरक्षण तब तक लागू नहीं होगा, जब तक अगली जनगणना के आंकड़े प्रकाशित नहीं हो जाते और उसके बाद परिसीमन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती। इसका अर्थ यह है कि कानून पारित होने के बावजूद इसका प्रभाव तुरंत नहीं दिखेगा। यही बिंदु इस अधिनियम की सबसे बड़ी आलोचना का कारण भी बना हुआ है। 2021 की जनगणना पहले ही टल चुकी है और अब यह संभावना व्यक्त की जा रही है कि नई जनगणना 2026 के बाद होगी। इसके बाद परिसीमन की प्रक्रिया भी समय लेगी, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि महिलाओं का आरक्षण 2029 या उससे भी बाद के चुनावों में लागू हो सकता है। इस देरी को कई विशेषज्ञ न्याय में विलंब के रूप में देखते हैं। हालांकि सरकार और कुछ संवैधानिक विशेषज्ञों का तर्क है कि बिना अद्यतन जनसंख्या आंकड़ों के सीटों का पुनर्वितरण करना उचित नहीं होगा। संविधान के अनुसार परिसीमन एक आवश्यक प्रक्रिया है ताकि प्रतिनिधित्व समान और संतुलित रहे। इस प्रकार यह बहस केवल राजनीतिक नहीं बल्कि संवैधानिक भी है। इस प्रकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक ऐसा कानून है जो सिद्धांत रूप में अत्यंत प्रगतिशील है, लेकिन व्यवहार में कई जटिलताओं से घिरा हुआ है।

## संघर्ष से आती है जीवंतता



संकलित
दर्शन

साधना संसार में है, जंगल में तो साधना का सवाल ही नहीं है। साधना यहां है, जहां प्रतिपल कांटे हैं। कांटों के बीच जिस दिन तुम चलना सीख लो और कांटों के बीच तो चलो और कांटे चुभें न, बस उसी दिन समझ लेना कि अब तुम योग्य हो गए। जंगल जाने की जरूरत भी क्या है। यहीं भीड़ में जंगल हो गया है, अगर तुम्हारे भीतर प्रौढ़ता आ जाए, तो प्रज्ञा का जन्म हो। प्रज्ञा का जन्म संघर्षण से होता है। प्रतिपल जीवन की चुनौतियों को स्वीकार करने से होता है। हारने, गिरने, उठने से होता है। हजार बार गाली दी जाएगी, तुम क्रोधित हो जाओगे। हजार बार के अनुभव से तुम्हें समझ में आ जाएगा कि अपने को जलाना व्यर्थ है। गाली कोई दूसरा दे रहा है, दंड अपने को देना व्यर्थ है। एक दिन तो ऐसा आएगा कि कोई दूसरा गाली देगा और तुम्हारे भीतर क्रोध न आएगा। उसी दिन तुम्हारे भीतर एक कांटा फूल बन गया। उस दिन तुम्हें जो शांति मिलेगी, कोई जंगल नहीं दे सकता। जंगल की शांति मुर्दा है। अगर यहां गालियों के बीच तुम शांत हो गए, तो तुम्हारी शांति में एक जीवंतता होगी। जंगल की शांति में सन्नाटा है, क्योंकि वहां कोई है ही नहीं। वह नकारात्मक है। संसार में अगर तुम शांत हो जाओ तो सकारात्मक है। जंगल की शांति मरने जैसी है, संसार की शांति बड़ी जीवंत है। परमात्मा को पाना है, तो भागना मत। भगोड़ों से परमात्मा का कभी कोई संबंध नहीं जुड़ता। कायरों से संबंध जुड़ भी कैसे सकता है? चुनौती स्वीकार करने वाला साहस चाहिए।

## कोयला और चंदन



संकलित
प्रेरणा

चौधरी पहलवान का पूरा जीवन जरूरतमंदों की सहायता के लिए समर्पित हुआ था। जब उनका अंतिम समय नजदीक आया तो उन्होंने अपने बेटे को पास बुलाया। बेटा पास आ गया तो उन्होंने उससे कहा-देखो बेटा, मैंने अपना सारा जीवन दुनिया को शिक्षा देने में गुजार दिया। अब अपने अंतिम समय में मैं तुम्हें कुछ जरूरी बातें बताना चाहता हूं। लेकिन इससे पहले जरा तुम एक कोयला और चंदन का एक टुकड़ा उठा कर ले लाओ। बेटे को पहले तो यह बड़ा अटपटा लगा, लेकिन उसने सोचा कि अब पिता का हुक्म है तो यह सब लाना ही होगा। उसने रसोई घर से कोयले का एक टुकड़ा उठाया। संयोग से घर में चंदन की एक छोटी लकड़ी भी मिल गई। वह दोनों को लेकर अपने पिता के पास पहुंच गया। उसे आया देख पहलवान बोले- बेटा, अब इन दोनों चीजों को नीचे फेंक दो। बेटे ने दोनों चीजें नीचे फेंक दीं और हाथ धोने जाने लगा तो पहलवान बोले- जरा ठहरो बेटा। मुझे अपने हाथ तो दिखाओ। बेटे ने हाथ दिखाए तो वह उसका कोयले वाला हाथ पकड़ कर बोले, देखा तुमने। कोयला पकड़ते ही हाथ काला हो गया। लेकिन उसे फेंक देने के बाद भी तुम्हारे हाथ में कालिख लगी रह गई। गलत लोगों की संगति ऐसी ही होती है। उनके साथ रहने पर भी दुख होता है और उनके न रहने पर भी जीवन भर के लिए बदनामी साथ लग जाती है। दूसरी ओर सज्जनों का संग इस चंदन की लकडी की तरह है जो साथ रहते हैं तो दुनिया भर का ज्ञान मिलता है और उनका साथ छूटने पर भी उनके विचारों की महक जीवन भर बनी रहती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बच्चों की परीक्षाएं और क्रिकेट का उन्माद

हद होती है हर चीज की। लगभग चौबीस घंटे, बारह महीने क्रिकेट ही क्रिकेट का असहनीय शोर-शराबा। सबको मालूम है न कि भारत में मार्च-अप्रैल महीने विद्यार्थियों के लिए कितने ही अधिक महत्वपूर्ण है! आईपीएल तो हर साल ही होता है, और इस बार ये 'टी-20 वर्ल्ड कप' का हल्ला-गुल्ला भी निरंतर चलता रहा है। इन्हीं दो महीनों में लगभग सारे भारत के सभी स्कूलों, महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों में छात्र-छात्राओं के विभिन्न प्रकार की बहुत सारी परीक्षाएं और एंट्रेंस टेस्ट होते हैं। ऐसे में देश के हर शहर, कालोनी, नुक्कड़, गली-मोहल्ले, गांव-देहात में घर-बाहर क्रिकेट का ये सर्वथा गैर-जरूरी शोर, हो-हल्ला तथा अवांछित चर्चाएं गंभीर और मेधावी विद्यार्थियों के लिए बड़ी चुनौती बने रहते हैं।

*- प्रवीण जोशी, भाटापारा*

## ट्रेंड

### उत्तर प्रदेश में अब शांति



आज उत्तर प्रदेश में कोई अशांति नहीं है, सड़कों पर नमाज नहीं पढ़ी जा रही है, मस्जिदों से माइक्रोफोन की आवाज नहीं आ रही है, कोई गोहत्या नहीं हो रही है, न ही लव जिहाद की कोई घटना घट रही है।

- **योगी आदित्यनाथ**, सीएम, उप्र

### टीएमसी की धारणा



असम में दस साल से भाजपा की सरकार है, लेकिन वहां के लोग मांसाहारी भोजन खाते है। तो फिर टीएमसी बंगाल में यह गलत धारणा क्यों फैल रही है कि भाजपा बंगाल में मांसाहारी भोजन पर प्रतिबंध लगा देगी ?

- **हिमंता बिस्वा सरमा**, सीएम, असम

### परिसीमन पर छल



हम महिला आरक्षण विधेयक का समर्थन करते हैं, लेकिन इस सरकार द्वारा इसे पेश करने का तरीका राजनीतिक रूप से प्रेरित है। हमारी मांग है कि इस संशोधन को राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने के बजाय इसे लागू करें। दूसरा, सरकार परिसीमन पर छल कर रही है।

- **मल्लिकार्जुन खरगे**, अध्यक्ष, कांग्रेस

### कच्चे तेल की कीमतें



आरबीआई के पूर्वानुमानों के आधार पर, लगता है कि कच्चे तेल की कीमतों में आए अचानक उछाल के शांत होने के बाद ही ब्याज दरों में वृद्धि शुरू होगी। हालांकि, चिंता की बात यह है कि तब तक, जीएसटी युक्तिकरण के माध्यम से हासिल किया गया मूल्य सुधार बेअसर हो सकता है।

- **स्वामीनाथन पद्मनाभन**, उद्यमी

## करंट अफेयर

# लंदन में भारतीय उच्चायोग ने आंबेडकर की जयंती मनाई



लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग ने पुष्पांजलि अर्पित कर 'भारत रत्न' डॉ. बी. आर. आंबेडकर की 136वीं जयंती मनाई और समानता के बाबासाहेब के संदेश पर विचार साझा किया। बुधवार शाम को 'इंडिया हाउस' के आंबेडकर हॉल में आयोजित कार्यक्रम में 'फेडरेशन ऑफ अंबेडकराइट एंड बुद्धिस्ट ऑर्गेनाइजेशन्स' (एफएबीओ) ब्रिटेन के सदस्यों, छात्रों और समुदाय के नेताओं द्वारा भारतीय संविधान के प्रमुख निर्माता के दूरगामी सामाजिक-आर्थिक योगदान की प्रशंसा में काव्यात्मक प्रस्तुतियों से माहौल जीवंत हो उठा। इस मौके पर आंबेडकर के जीवन और करियर की कई प्रमुख घटनाओं को शामिल करते हुए एक वीडियो दिखाया गया

## ऑफ बीट

# भोजन और दवाएं बदल सकती हैं त्वचा का रंग



जब हांगकांग में 84 वर्षीय एक व्यक्ति बढ़े हुए प्रोस्टेट के साथ अस्पताल गया, तो डॉक्टर यह देखकर चौंक गए कि उसकी त्वचा - और यहांx तक कि उसकी आँखों का सफेद भाग भी धूसर रंग का हो गया था। ये मामले आर्गिरिया नामक स्थिति के उदाहरणों को दर्शाते हैं, जिसमें शरीर में चांदी के कण जमा हो जाते हैं। चांदी कभी अपने रोगाणुरोधी गुणों के कारण चिकित्सा उपचारों में मुख्य आधार थी। लेकिन आधुनिक साक्ष्य दर्शाते हैं कि बहुत अधिक मात्रा में इसके सेवन या अवशोषण से व्यक्ति की त्वचा में ऐसे परिवर्तन हो सकते हैं जो शायद ही कभी फीके पड़ते हैं। आर्गिरिया में, चांदी के आयन रक्तप्रवाह के माध्यम से प्रसारित होते हैं

## संक्षेप

### मोपेड-दुग्ध वाहन टक्कर में बुजुर्ग की मौत

**नेता रोड तिराहे के पास हुआ हादसा, शव पीएम को भेजा**

अमेठी, गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र में नेता रोड तिराहा रामगंज के पास एक सड़क हादसे में मोपेड सवार बुजुर्ग की मौत हो गई। तेज रफ्तार दुग्ध वाहन ने सामने से आ रही मोपेड को टक्कर मार दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के नेता रोड तिराहा रामगंज के पास आज दोपहर हुई। एक दूध डेयरी के पिकअप वाहन और मोपेड की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोपेड सवार बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गया। पिकअप में सवार ड्राइवर सहित दो लोग सुरक्षित बच गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पिकअप वाहन और उसके ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। गौरीगंज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि मृतक की पहचान नन्हे बाबू पांडेय (पुत्र गया प्रसाद पांडेय, निवासी इंदरिया मजरे किटियांवा, थाना मुंशीगंज, जनपद अमेठी) के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर आगे की वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, युवक की मौत

**पत्नी-बेटे समेत 6 की हालत गंभीर, पुलिस जांच में जुटी**

अमेठी , बीती रात तेज रफ्तार दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसकी पत्नी, मासूम बेटे समेत 6 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। मामला मुंशीगंज थाना क्षेत्र के कमला नगर बाजार का है। जानकारी के अनुसार, हादसा मुंशीगंज थाना क्षेत्र के कमला नगर बाजार में हुआ

# मॉडिफाइड साइलेंसर की बिक्री पर होगी कारावास लगेगा भारी जुर्माना

**वाहन चालक का तीन माह तक सस्पेंड रहेगा लाइसेन्स साथ में 10 हजार का अर्थदण्ड**

**वाहन स्वामियों पर भी लगेगा 05 हजार रुपए का अर्थ दण्ड**

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा



बहराइच। यदि कोई डीलर या वर्कशॉप संचालक मॉडिफाइड साइलेंसर या शोर करने वाले उपकरण बेचते या वाहनों में फिट करते पाया जाता है, तो मोटर वाहन अधिनियम की धारा 182ए (3) के तहत 01 वर्ष का कारावास या रू. 01 लाख प्रति उपकरण का जुमार्ना लगाया जाएगा। इसी प्रकार मानक के विपरीत साइलेंसर लगवाने वाले वाहन स्वामियों पर धारा 182ए (4) के तहत 06 माह तक की जेल या रू. 05 हजार प्रति परिवर्तन का जुमार्ना देय होगा। इसी प्रकार मानकों का उल्लंघन करने पर धारा 53 (1) के तहत वाहन का पंजीकरण (आर.सी.) निलंबित कर दिया जाएगा। साथ ही, संबंधित चालक का ड्राइविंग लाइसेंस 03 माह के लिए निरस्त किया जाएगा और रू. 10 हजार का आर्थिक दंड भी लगाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय द्वारा जनहित याचिका संख्या 15385/2021 में ध्वनि प्रदूषण के विरुद्ध पारित आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय में वाहन डीलरों, गैराज संचालकों एवं वर्कशॉप स्वामियों के साथ आयोजित बैठक के दौरान ए.आर.टी.ओ. प्रशासन एस.कुमार ने उक्त जानकारी प्रदान की। श्री कुमार ने सभी सम्बन्धित को सचेत किया कि मा. उच्च न्यायालय के आदेशों के समादर में वाहनों में निर्धारित मानकों के विपरीत ध्वनि उत्पन्न करने वाले उपकरणों व मॉडिफाइड साइलेंसरों का प्रयोग कदापि न करें, इस प्रकार के उपकरण पूरी तरह प्रतिबंधित है। जनपद में शांति व्यवस्था व पर्यावरण सुरक्षा हेतु जनपद में निरन्तर अभियान संचालित किया जायेगा। श्री कुमार ने बताया कि इसके लिए प्रवर्तन टीमें को निर्देश दिया गया है कि सड़कों एवं मार्गो पर पुलिस विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर सघन चेकिंग करें और अवैध साइलेंसर, हूटर, प्रेशर हॉर्न एवं ध्वनि प्रदूषण करने वाले उपकरण मिलने पर मौके पर ही कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले के सभी डीलरों को भी निर्देशित किया है कि वह अपनी दुकान, प्रतिष्ठान, वर्कशॉप अथवा शो रूम के बाहर ऐसे उपकरणों का प्रयोग न करने सम्बन्धी चेतावनी के बोर्ड भी लगाएं ताकि आम जनता जागरूक हो सके।

# मिहींपुरवा में अक्षय तृतीया पर गूंजा जय परशुराम का उद्घोष

**श्री रामजानकी मंदिर में प्रतिमा स्थापना के साथ भंडारे का हुआ भव्य आयोजन**

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। मिहींपुरवा कस्बे के प्रमुख आस्था का केंद्र श्री रामजानकी मंदिर प्रांगण में अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर धार्मिक आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। भगवान विष्णु के छठे अवतार, चिरंजीवी भगवान परशुराम जी की भव्य प्रतिमा विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के बीच स्थापित की गई। यह आयोजन भगवान परशुराम सेवा समिति (रजिस्टर्ड) मिहीपुरवा के तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसमें क्षेत्र भर के श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों का आना-जाना शुरू हो गया था। पूरे प्रांगण को फूल-मालाओं और आकर्षक सजावट से भव्य रूप दिया गया। वैदिक आचार्यों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजन, हवन और प्राण-प्रतिष्ठा की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। जैसे ही प्रतिमा की स्थापना हुई, पूरा वातावरण ह्ल भगवान परशुराम जी की जय होह्व के जयघोष से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि भगवान परशुराम जी शौर्य धर्म और न्याय के प्रतीक हैं। उनकी प्रतिमा स्थापना का उद्देश्य समाज में धार्मिक मूल्यों और संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को एकजुट करने का कार्य करते हैं। प्रतिमा स्थापना के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में कस्बे के व्यापारियों, सामाजिक कार्यकताओं और गणमान्य तथा सर्वसमाज के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे आयोजन के दौरान भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का माहौल बना रहा जिससे मिहीपुरवा में धार्मिक एकता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया।

# एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष का प्रस्तावित कार्यक्रम अनुमति न मिलने से निरस्त

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमावर्ती नगर पंचायत रुपईडीहा में सोमवार को एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली का प्रस्तावित कार्यक्रम प्रशासनिक अनुमति न मिलने के कारण आयोजित नहीं हो सका। कार्यक्रम को लेकर स्थानीय कार्यकताओं द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थीं, लेकिन अंतिम समय में प्रशासन से अनुमति न मिलने पर इसे निरस्त करना पड़ा। जानकारी के अनुसार कार्यक्रम के लिए पंडाल तैयार कर लिया गया था तथा बैठने के लिए कुर्सियां भी लगा दी गई थीं। स्थानीय स्तर पर कार्यकताओं और समर्थकों के पहुंचने की तैयारी भी थी। हालांकि, प्रशासनिक अनुमति न मिलने के कारण स्थानीय पुलिस ने कार्यक्रम आयोजित न करने की बात कही, जिसके बाद पार्टी कार्यकताओं ने कार्यक्रम को निरस्त करने का निर्णय लिया। पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ता मंशाद अहमद ने बताया कि कार्यक्रम की अनुमति के लिए दो दिन पूर्व ही प्रशासन को प्रार्थना पत्र दिया गया था, लेकिन निर्धारित समय तक अनुमति प्राप्त नहीं हो सकी। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा कार्यक्रम न कराने की सूचना दिए जाने के बाद पार्टी ने कानून व्यवस्था का सम्मान करते हुए कार्यक्रम स्थगित कर दिया। कार्यक्रम निरस्त होने से स्थानीय कार्यकताओं और समर्थकों में निराशा देखी गई। क्षेत्र में इस कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साह था, क्योंकि सीमावर्ती क्षेत्र में पार्टी के वरिष्ठ नेता का आगमन प्रस्तावित था।

# मनरेगा भुगतान की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

**ग्राम प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी को पत्र देकर की धनराशि जारी करने की मांग**

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। सोमवार को कैसरगंज ब्लॉक के सभी ग्राम प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी सचिन भारतीय को मनरेगा भुगतान को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन पंचायत विकास मंच यूपी द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को खंड विकास अधिकारी कैसरगंज के माध्यम से भेजा गया। ज्ञापन का मुख्य विषय महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) योजना के तहत सामग्री और श्रम अंश की धनराशि तत्काल जारी करना था। प्रधानों ने बताया कि मनरेगा के अंतर्गत श्रम और सामग्री अंश का एक निश्चित अनुपात होता है, जिसमें सामग्री अंश के लिए केंद्र और राज्य दोनों का समय पर भुगतान अनिवार्य है। ग्राम प्रधानों ने चिंता व्यक्त की कि वर्तमान में सामग्री और श्रम अंश की देय धनराशि समय पर जारी न होने के कारण ग्राम पंचायतों में स्वीकृत कार्य बाधित हो रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप विकास कार्य ठप पड़े हैं और आपूर्तिकताओं का भुगतान भी लंबित है। उन्होंने कहा कि धनराशि उपलब्ध न होने से न केवल मनरेगा अधिनियम और दिशा-निदेशों का उल्लंघन हो रहा है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन और आधारभूत विकास कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। इसका सीधा असर ग्राम पंचायतों और श्रमिकों पर पड़ रहा है, जिससे प्रशासनिक और वित्तीय संकट उत्पन्न हो रहा है। प्रधानों ने अनुरोध किया कि मनरेगा योजना के तहत सामग्री और श्रम अंश की लंबित धनराशि को तत्काल प्रभाव से जारी करने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए जाएं। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने की मांग की कि भविष्य में सामग्री अंश की धनराशि पंचायतों को समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराई जाए, ताकि स्वीकृत कार्यों का निष्पादन बिना किसी बाधा के हो सके। ज्ञापन में यह भी अवगत कराया गया कि यदि समय रहते धनराशि जारी नहीं की गई, तो विवश होकर संबंधित सक्षम प्रशासनिक/संवैधानिक मंचों पर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन की होगी। संगठन पदाधिकारी मे राम छबीले प्रधान संघ जिला उपाध्यक्ष बहराइच, करमचंद गुप्ता प्रधान संघ अध्यक्ष कैसरगंज, दिलेराम यादव प्रधान, मोहम्मद आवेश, मोहम्मद आलम, हलीम, राम सूरत, आशीष सिंह, अजय सिंह, रामू सिंह, वेद प्रकाश सिंह, रियाज अहमद, कमलेश, चंद्रावती सिंह, सुमन, निसार अहमद, सकीना, अनुपम सिंह, असहाब, मुफीद प्रधान, बलराम यादव प्रधान प्रतिनिधि सहित सभी ग्राम पंचायत के प्रधान व प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# आर जे पेट्रोल पम्प पिपरिया पर किसानों को वितरित किया गया डीजल



अमन लेखनी समाचार /आर एन तिवारी

शिवपुर, बहराइच। जनपद बहराइच के खैरीघाट थाना अंतर्गत चौकी वैवाही क्षेत्र में स्थित आर जे किसान सेवा केंद्र पेट्रोल पंप पिपरिया पर सोमवार को बैबाही पुलिस की मौजूदगी में किसानों को डीजल वितरित किया गया। वर्तमान में किसान अपनी गेहूं की फसल समेटने में व्यस्त हैं। उन्हें गेहूं की कटाई, मड़ाई, भूसा बनाने और मक्का व गन्ने की फसलों की सिंचाई के लिए डीजल की अत्यधिक आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त, शादी-विवाह के आयोजनों के कारण भी डीजल की खपत काफी बढ़ गई है। इस बढ़ती मांग के चलते ग्रामीण अंचलों के पेट्रोल पंपों पर किसानों की भीड़ देखी जा रही है।

सोमवार को लगभग 5:00 बजे, चौकी वैवाही की पुलिस टीम की देखरेख में आर जे पेट्रोल पंप पिपरिया पर किसानों को सुचारु रूप से डीजल उपलब्ध कराया गया।

# शत प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए युद्ध स्तर पर चल रहा अभियानः डॉ विनय वर्मा

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। जनपद बहराइच में शत प्रतिशत किसानों की फार्मर आईडी बनाने के लिए कृषि विभाग युद्ध स्तर पर अभियान चला रहा है जहां गांव-गांव कृषि विभाग के लोग पहुंचकर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कर रहे हैं वही विभाग ने उर्वरक विक्रेताओं के साथ ही जागरूक किसानों का भी सहयोग लेकर किसानों की फॉर्म रजिस्ट्री बनाने के लिए जुटा हुआ है। जनपद में फार्मर रजिस्ट्री बनाए जाने अभियान के तहत जनपद में गठित 91 कृषक उत्पादक संगठन की बैठक कृषि भवन सभागार बहराइच में आयोजित की गई उपस्थित कृषक उत्पादक संगठनों के निदेशकों सदस्य किसानों को अवगत कराया गया कि शासन द्वारा जनपद के समस्त कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री बनाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्हें बताया गया कि 30 अप्रैल के बाद खाद बीज उर्वरक कीटनाशक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना सहित सभी सरकारी लाभ दे नहीं होगा उन्होंने उपस्थित कृषक उत्पादक संगठनों से कहा कि आप अपने से जुड़े सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनवा लें तथा इसकी सूचना प्रतिदिन विभागीय ग्रुप पर प्रेषित करें। उपनिदेशक कृषि डॉ विनय कुमार वर्मा ने सभी ऐसे कृषक उत्पादक संगठनों जिनके द्वारा कृषि विभाग की योजना कृषि यंत्रीकरण योजना के तहत कस्टम हायरिंग सेंटर एवं फॉर्म मशीनरी बैंक अनुदान पर लिए गए हैं जिनका उपयोग उनके सदस्य किसानों के अतिरिक्त किराए पर किसानों को के यहां कृषि यंत्रों का संचालन कर रहे हैं जिन किसानों द्वारा किराए पर कृषि यंत्र ले जा रहे हैं उन सभी किसानों को अवगत कराते हुए उनकी फार्मर रजिस्ट्री बनाने के निर्देश दिए गए। डीडी एग्रीकल्चर विनय कुमार वर्मा ने बताया कि जनपद के समस्त 14 विकास खंड में फार्मर रजिस्ट्री बनवाए जाने के लिए ई- रिक्शा संचालित कर किसानों को जागरुक किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर भूमि संरक्षण अधिकारी बहराइच डॉक्टर सौरभ वर्मा ने ने विकासखंड तजवापुर के कई उर्वरक बीज एवं कीटनाशक विक्रेताओं के यहां जाकर उन्हें अपने प्रतिष्ठान से जुड़े सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रभारी राजकीय कृषि बीज भंडार विकासखंड तेजबापुर वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप बी आरपी सिंह वरिष्ठ कृषि रक्षा पर्यवेक्षक डॉक्टर विकास पांडे साथ रहे। इसके अतिरिक्त जिला कृषि अधिकारी डॉ सूबेदार यादव ने इफको किसान सेवा केंद्र बहराइच सेंटर पर कहा कि केंद्र से जुड़े सभी सचिवों को फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराई जाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा उनके मोबाइल में सहायक ऐप डाउनलोड कर कर सभी उर्वरक प्रतिष्ठानों से जुड़े किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने के निर्देश दिए।

# नेपाल की नई सरकार के फैसले से नागरिक हुए परेशान

**भारत से 100 रुपये से अधिक के सामान लाने पर देना होगा कस्टम शुल्क**

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रूपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा पर इन दिनों नेपाली सुरक्षा बलों द्वारा जांच के नाम पर आम नागरिकों के साथ कथित अमानवीय व्यवहार किए जाने के आरोप सामने आए हैं। सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों ने इस मामले को लेकर नाराजगी जताते हुए नेपाल सरकार से हस्तक्षेप की मांग की है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि भारत और नेपाल के बीच रोटी-बेटी का संबंध सदियों पुराना है। दोनों देशों के बीच सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक रिश्ते बेहद गहरे हैं। लाखों भारतीय बेटियां नेपाल में तथा नेपाली बेटियां भारत में विवाह के माध्यम से जुड़ी हुई हैं। यही कारण है कि यह सीमा अन्य देशों की सीमाओं की तरह नहीं, बल्कि मित्रता और आपसी विश्वास की सीमा मानी जाती है।

सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग दोनों देशों के बीच आवागमन करते हैं। नेपाल के सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लोग वर्षों से अपनी रोजमर्रा की जरूरतों का सामान भारतीय बाजारों से खरीदते रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार नई सरकार के गठन के बाद सीमा पर तैनात कुछ सुरक्षा कर्मियों के व्यवहार में बदलाव देखने को मिला है।

आरोप है कि जांच के दौरान महिलाओं द्वारा खाने-पीने की वस्तुएं और दैनिक उपयोग का सामान ले जाने पर उसे जब्त कर लिया जाता है। कई बार महिलाओं के साथ अभद्रता और धक्का-मुक्की की घटनाएं भी सामने आई हैं। लोगों का कहना है कि कुछ मौकों पर सीमा पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को हाथापाई करते हुए भी देखा गया है, जिससे आम नागरिकों में भय और असंतोष का माहौल बन गया है।

स्थानीय नेपाली नागरिकों ने अपनी सरकार से मांग की है कि भारत जैसे मित्र देश के साथ साझा सीमा पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को आम लोगों के साथ मित्रतापूर्ण भाषा और मानवीय व्यवहार अपनाने के निर्देश दिए जाएं, ताकि दोनों देशों के बीच वर्षों पुराना भाईचारा और विश्वास कायम रह सके। सीमावर्ती जनता का कहना है कि इस प्रकार की घटनाएं दोनों देशों के मधुर संबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती हैं, इसलिए इस मामले में शीघ्र उचित कदम उठाया जाना आवश्यक है।

# मंत्री दयाशंकर सिंह के एआरटीओ अफसर ने झुककर पैर छुए

**47 करोड़ की परियोजना का उद्घाटन, बोले-विपक्ष नहीं चाहता महिलाएं नेता बनें**

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर , परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के एआरटीओ अफसर ने झुककर पैर छूए। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि दयाशंकर सिंह जैसे ही कार से उतरते हैं, एआरटीओ सर्वेश सिंह दौड़कर उनके पास पहुंचते हैं और पैर छूने लगते हैं। यह वीडियो नए सैटेलाइट बस अड्डे से सामने आया। वहीं, दयाशंकर की अगुवानी करने पहुंचे डीएम ने हाथ मिलाकर उनका स्वागत किया। दरअसल, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना सोमवार को शाहजहांपुर दौरे पर थे। यहां उन्होंने करीब 47 करोड़ रुपए की चार परियोजनाओं का उद्घाटन किया। सोमवार दोपहर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना शाहजहांपुर पहुंचे। उनके साथ सांसद अरुण सागर भी मौजूद थे। मंत्रियों का काफिला सबसे पहले नए सैटेलाइट बस अड्डे पर पहुंचा। यहां प्रशासनिक अधिकारी और भाजपा पदाधिकारी उन्हें रिसीव करने के लिए पहले से मौजूद थे। दयाशंकर सिंह जैसे ही कार से उतरे, भाजपा के कुछ पदाधिकारी उनके पैर छूने लगे। इसी बीच एआरटीओ सर्वेश सिंह भी दौड़ते हुए पहुंचे। उन्होंने भी मंत्री के पैर छू लिए। इसके बाद वे उनके पीछे-पीछे चलते नजर आए। कुछ ही क्षण बाद डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह भी वहां पहुंचे। उन्होंने मंत्रियों से हाथ मिलाकर उनका स्वागत कियाइसी दौरान किसी ने पूरी घटना का वीडियो मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया और सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया। बताया जा रहा है कि सर्वेश सिंह फरवरी, 2025 से शाहजहांपुर में एआरटीओ के पद पर तैनात हैं। दयाशंकर बोले- महिलाओं को नेता नहीं बनने दे रहा विपक्ष परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने हाल ही में लोकसभा में गिरे महिला आरक्षण बिल पर भी चुप्पी तोड़ी। उन्होंने कहा कि विपक्ष सामान्य महिलाओं को नेता नहीं बनने देना चाहता, इसलिए उसने आरक्षण का विरोध किया।

# एंबुलेंस बिजली पोल से टकराई

**बाइक सवार को बचाने के प्रयास में हादसा, चालक के खिलाफ केस दर्ज**

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़, अंतू थाना क्षेत्र में एक एंबुलेंस विद्युत पोल से टकरा गई। यह घटना किशुनगंज बाजार में हुई थी। बाइक सवार को बचाने के प्रयास में एंबुलेंस अनियंत्रित हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने एंबुलेंस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संडवा चंद्रिका की एंबुलेंस एक घायल मरीज को लेने जा रही थी। बाबूगंजझसंडवा चंद्रिका मार्ग पर स्थित किशुनगंज बाजार में सामने से आ रहे बाइक सवार को बचाने के दौरान चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। अनियंत्रित एंबुलेंस सड़क किनारे लगे 33 केवीए विद्युत पोल से जा टकराई। हादसे के दौरान पास से गुजर रहे एक साइकिल सवार को हल्की चोटें आईं, जबकि एंबुलेंस में सवार अन्य लोग बाल-बाल बच गए। घटना के बाद मौके पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। स्थानीय लोगों की मदद से स्थिति को संभाला गया। इस संबंध में बुधवार को अंतू थाने में तैनात सिपाही प्रदीप यादव ने एंबुलेंस के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और चालक की पहचान कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# भाकियू अराजनैतिक ने तहसीलदार को सौंपा मांग पत्र

**कुंडा में किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग, संचालन जिला प्रभारी ने किया**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) प्रतापगढ़ की मासिक बैठक कुंडा कचेहरी परिसर में उपजिलाधिकारी कुंडा कार्यालय के सामने आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल ने की, जबकि संचालन जिला प्रभारी कुलदीप पांडेय ने किया। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई और उनके समाधान की मांग उठाई गई। किसानों ने एलपीजी गैस की किल्लत दूर करने, किसान सम्मान निधि में हो रही अनियमितताओं को समाप्त करने और फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया को सुगम बनाने की मांग की। इसके अतिरिक्त, प्राइवेट स्कूलों में किताब-कॉपी के नाम पर अभिभावकों के शोषण पर रोक लगाने तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत प्रवेश कोटा सुनिश्चित करने की भी मांग की गई। किसानों ने राजस्व निरीक्षकों द्वारा भूमि में अंश निर्धारण में गड़बड़ी को दुरुस्त करने और इसके नाम पर हो रही अवैध वसूली पर रोक लगाने की बात कही। साथ ही आवारा पशुओं को गौशालाओं में भेजने और उनके लिए चारा एवं उपचार की समुचित व्यवस्था कराने की मांग भी उठाई गई। बैठक के बाद किसानों ने अपनी मांगों को लेकर तहसीलदार कुंडा अलख शुक्ला को छह सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। ज्ञापन में महेवा मलकिया (जूग्गा वीर बाबा के निकट), थाना महेशगंज क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेसवे निर्माण के चलते बाधित हुए आम रास्ते के पुनर्निर्माण की मांग भी प्रमुख रूप से शामिल रही। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्यामलाल यादव, जिला महामंत्री ओमप्रकाश जायसवाल, जिला सलाहकार राजेंद्र प्रसाद पांडेय, जिला सचिव फूलचंद गौतम, महिला जिला उपाध्यक्ष सीता गौतम व सीमा यादव, महिला जिला सचिव अमीना खातून, तहसील अध्यक्ष राजेश कुमार पाल, ब्लॉक अध्यक्ष फूलचंद सरोज सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षेप

### युवक पर हमले का आरोप

**एसपी से की शिकायत, सख्त कार्रवाई और सुरक्षा की मांग उठाई**

बागपत , जनपद के बामनोली गांव में एक युवक पर हमले का मामला सामने आया है। पीड़ित समीर पुत्र रोजुद्दीन ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।समीर ने बताया कि यह घटना 17 अप्रैल को हुई थी, जब वह अपने घर लौट रहा था। समीर के अनुसार, गांव के बाहर सड़क पर एक युवक ने उसे रोक लिया। आरोपी युवक ने उसे गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला किया। इस हमले में समीर को गंभीर चोटें आईं। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि हमलावर उसे जान से मारना चाहता था, लेकिन वह किसी तरह मौके से भागने में सफल रहा। समीर ने यह भी बताया कि यह उस पर पहला हमला नहीं है। इससे पहले भी आरोपी ने उस पर हमला किया था, जिसकी शिकायत उसने थाना बड़ौत में दर्ज कराई थी। पीड़ित का आरोप है कि पिछली शिकायत के बावजूद आरोपी के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे उसके हौसले बढ़े हैं। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और उसे तथा उसके परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए। ग्रामीण भी इस मामले में प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं।पुलिस की आगामी कार्रवाई का इंतजार है।

### भाजपा की पदयात्रा में महिलाएं हुईं शामिल

**नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत निकाली गई रैली**

बागपत ,शुक्रवार को भाजपा कार्यकताओं ने नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत पदयात्रा निकाली। इस पदयात्रा में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता और स्थानीय महिलाएं शामिल हुईं।यह पदयात्रा शहर के मेरठ रोड स्थित वात्स्यायन पैलेस से शुरू होकर राष्ट्रवंदना चौक पहुंची। इसके बाद शौकत मार्केट, गांधी बाजार और बड़ा बाजार से होते हुए नगरपालिका परिषद कार्यालय पर समाप्त हुई। पदयात्रा के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने नारी शक्ति वंदन का संदेश लोगों तक पहुंचाया। महिलाओं ने हाथों में 'पीएम नरेंद्र मोदी धन्यवाद' की तख्तियां ले रखी थीं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए और नारी शक्ति को सम्मान देने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। मार्ग में नागरिकों ने जगह-जगह पदयात्रा का स्वागत किया। जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत देश की मातृशक्ति को राजनीतिक क्षेत्र में 33% आरक्षण का अधिकार मिला है। उन्होंने कहा कि यह भाजपा की महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है और आज की पदयात्रा उसी संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है।जिला उपाध्यक्षा और महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष लता सिसौदिया ने कहा कि भाजपा सरकार की 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ', उज्ज्वला योजना और मातृत्व वंदना योजना जैसी पहल से महिलाएं आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त हुई हैं। उन्होंने कहा कि सैकड़ों की संख्या में महिलाओं का इस पदयात्रा में शामिल होना प्रधानमंत्री मोदी के प्रति उनके आभार को दशार्ता है। जिला उपाध्यक्ष और कार्यक्रम जिला संयोजक कुलदीप भारद्वाज ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं,बल्कि मातृशक्ति के सम्मान का एक महायज्ञ है।

# चौकी के सामने काली थार से स्टंट

## पांच राउंड नचाया, पुलिस ने 54 कैमरों के फुटेज से ट्रेस करते हुए कार सीज की

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज , शहर के पॉश इलाके सिविल लाइंस में रविवार सुबह एक थार चालक ने खुलेआम ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए जमकर स्टंटबाजी की। यह पूरा घटनाक्रम पुलिस चौकी के ठीक सामने हुआ, जहां चालक बेखौफ अंदाज में अपनी गाड़ी को तेज रफ्तार में गोल-गोल घुमाता रहा।पुलिस ने कुछ ही घंटों बाद 54 कैमरों के फुटेज से कार को ट्रेस कर इसे सीज कर दिया।अचानक चौराहे पर पहुंचा प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ब्लैक रंग की थार कार अचानक चौराहे पर पहुंची और चालक ने उसे तेज गति से घुमाना शुरू कर दिया। करीब पांच राउंड तक कार को सर्किल में घुमाया गया। इस दौरान आसपास मौजूद लोग सहम गए और कुछ देर के लिए अफरा-तफरी जैसी



स्थिति बन गई। गनीमत रही कि इस दौरान कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। बताया जा रहा है कि घटना सुबह के समय की है, जब ट्रैफिक अपेक्षाकृत कम था। फिर भी जिस तरह से स्टंट किया गया, उससे किसी भी वक्त गंभीर दुर्घटना हो सकती थी।सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी गई है। थाना प्रभारी रामाश्रय यादव ने सुभाष चौराहे और आसपास के कैमरों के फुटेज चेक किए तो पता चला कि घटना के बाद चालक कार लेकर किधर से भागा।इसके बाद पुलिस ने प्रयागराज से ट्रैफिक चौराहे और म्योर रोड तक लगे 54 कैमरों के फुटेज की पड़ताल करते हुए कार को ट्रेस कर लिया।

**म्योर रोड का रहने वाला युवक चला रहा था**

पुलिस की जांच में पता चला कि यह कार कर्नलगंज में म्योर रोड द्वारिकापुरी कॉलोनी में रहने वाली महिला के नाम पर है।उनके पति सुशील मिश्रा हैं और घटना के वक्त गाड़ी उनका बेटा राजशेखर मिश्रा चला रहा था।थाना प्रभारी ने बताया कि घटना में इस्तेमाल की गई थार को कब्जे में लेकर इसे सीज कर दिया गया है।

# हनुमंत कथा से पहले निकली विशाल कलश यात्रा

## पीले वस्त्रों में महिलाएं शामिल, धीरेंद्र शास्त्री के आने से पहले आयोजन

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , नैनी देवरख में 21 अप्रैल से शुरू हो रहे राष्ट्र हनुमत कथा से एक दिन पूर्व सोमवार को शहर के एक इंटर कॉलेज से विशाल कलश शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में महिलाओं ने पीले वस्त्र पहनकर अपनी भागीदारी की। शोभायात्रा में मुंबई से आए ढोल ताशा के धुन पर लोग कलश यात्रा में शामिल हुए। जमुना क्रिश्चियन इंटर कॉलेज से निकली कलश यात्रा रामबाग नवग्रह मंदिर पर समाप्त होगी।कलश शोभायात्रा में भारी संख्या में पुलिस फोर्स भी लगाई गई, जिससे भीड़ को काबू किया जा सके और शहर में यातायात बाधित न हो। लेकिन कलश यात्रा में उमड़ी भीड़ बेकाबू होने के साथ-साथ सड़कों पर इस तरह निकली की चारों तरफ जाम की स्थिति बन गई। सड़कों पर उमड़ी भूल को पुलिस भी नहीं संभाल सकी।5 लाख से अधिक लोगों के पहुंचने की उम्मीद प्रयाग उत्थान समिति के अध्यक्ष डॉ उदय प्रताप सिंह की ओर से 21 अप्रैल से 23 अप्रैल तक नैनी के देवरख क्षेत्र स्थित गंगा तट पर राष्ट्र हनुमंत कथा का आयोजन किया जा रहा है।जिसमें बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री तीन दिनों तक हनुमंत कथा करेंगे। जिसकी तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है।कथा सुनने के लिए लगभग 5 लाख से अधिक लोगों की भीड़ पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा हैकथा से पूर्व सोमवार को शहर के जमुना क्रिश्चियन इंटर कॉलेज मैदान से विशाल कलश शोभायात्रा निकाली गई।सुबह 10:00 बजे यात्रा भीड़ के साथ सड़कों पर दिखी। ढोल बाजे घोड़े के साथ पीले वेस्टन में हजारों महिलाएं सिर पर कलश रखकर तपती धूप में चलती थी। अरुण गोविल, दीपिका और सुनील लहरी भी हुए शामिल यात्रा में रामायण सीरियल के कलाकार प्रयागराज के नैनी में आयोजित हो रहे राष्ट्र हनुमंत कथा में कथा वाचक पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के आने से पहले सोमवार को विशाल कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें रामायण सीरियल के कलाकार अरुण गोविल, दीपिका और सुनील लहरी शामिल हुए।यात्रा में पहुंचने के पहले तीनों कलाकार को कड़ी सुरक्षा में मुट्ठीगंज चौराहे पहुंचे।जहां से वह यात्रा में शामिल हुए।

# हल्ला बोल कार्यक्रम से पहले पुलिस का एक्शन

**मेरठ में संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष हाउस अरेरस्ट, अतुल प्रधान समेत 20 पर तस्करा**

अमन लेखनी समाचार




मेरठ, सेंट्रल मार्केट प्रकरण को लेकर प्रस्तावित हल्ला बोल आंदोलन से पहले मेरठ पुलिस ने सख्त कदम उठाते हुए संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष नवीन गुप्ता को उनके आवास पर ही हाउस अरेस्ट कर दिया। देर रात भारी पुलिस बल उनके घर पहुंचा और उन्हें बाहर निकलने से रोक दिया गया। शहर के व्यापारिक इतिहास में यह पहला मौका बताया जा रहा है, जब संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष को इस तरह नजरबंद किया गया है।वहीं, पुलिस ने सपा विधायक अतुल प्रधान, सचिन सिरोही समेत 20 से अधिक नेताओं के खिलाफ नौचंदी थाने में तस्करा दर्ज कर उनकी गतिविधियों पर निगरानी बढ़ा दी है। पुलिस का कहना है कि कुछ असामाजिक तत्व आंदोलन की आड़ में माहौल बिगाड़ने की फिराक में थे, जिसके चलते यह कार्रवाई की गई। धरने से पहले ही पुलिस की सख्ती सेंट्रल मार्केट में आवास विकास परिषद द्वारा की जा रही सीलिंग और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के विरोध में संयुक्त व्यापार संघ ने शुक्रवार को आवास विकास कार्यालय पर बड़े स्तर पर धरना-प्रदर्शन की तैयारी की थी। इसके लिए शहरभर में जनसंपर्क अभियान भी चलाया गया था। लेकिन पुलिस ने गुरुवार देर रात ही सख्ती दिखाते हुए पूरे आंदोलन की कमर तोड़ दी।नवीन गुप्ता ने खुद अपने नजरबंद होने की पुष्टि की।

# संयुक्त व्यापार संघ अध्यक्ष नवीन गुप्ता हाउस अरेस्ट

**सेंट्रल मार्किट में धरने का किया था ऐलान, कई पदाधिकारी साथ मौजूद**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , सेंट्रल मार्किट के व्यापारियों के पक्ष में धरने का ऐलान करने वाले संयुक्त व्यापार संघ अध्यक्ष नवीन गुप्ता को देर रात पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया। इसकी सूचना मिलते ही कई पदाधिकारी उनके घर पहुंच गए। टीपीनगर पुलिस द्वारा हाउस अरेस्ट किया गया है, जिसके बाद नवीन गुप्ता ने अपना धरना स्थगित कर दिया है। पहले एक नजर पूरे मामले पर सेंट्रल मार्किट में पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर 44 प्रतिष्ठानों पर सीलिंग की कार्रवाई की गई। इन सभी प्रतिष्ठानों के स्वामियों को 15 दिन का समय दिया गया है कि वह इस अवधि में सेटबैक तोड़ दें अन्यथा आवास विकास परिषद इस काम को अंजाम देगा। इसके बाद से सेंट्रल मार्किट के लोग धरने पर बैठे हैं।नवीन गुट ने किया घेराव का ऐलान व्यापारियों के विरूद्ध हो रही कार्रवाई के बाद संयुक्त व्यापार संघ अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने भी नाराजगी व्यक्त की थी। उन्होंने आवास एवं विकास



परिषद के अफसरों को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया और उनके विरूद्ध कार्रवाई की मांग की।साथ ही सीलिंग की कार्रवाई के विरोध में 17 अप्रैल की सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक आवास एवं विकास परिषद के घेराव का ऐलान भी किया।भूख हड़ताल के लिए भी चेताया नवीन गुप्ता ने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट के सामने सही तथ्य नहीं रखे गए, जिसके कारण यह गाज गिरी है। उन्होंने अफसरों को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया और व्यापारियों का उत्पीड़न ना रुकने पर धरने प्रदर्शन के साथ ही भूख हड़ताल का ऐलान भी कर दिया।देर रात नवीन हुए हाउस अरेस्ट नवीन गुप्ता के ऐलान के बाद से खलबली मची थी। पूरे दिन पुलिस प्रशासन के अधिकारी आंदोलन को विफल बनाने की रणनीति तैयार करते रहे लेकिन जब संभव नहीं हुआ तो उन्होंने देर रात करीब 12 बजे नवीन गुप्ता के टीपीनगर थाना क्षेत्रांतर्गत स्थित घर पर पहुंचकर उन्हें हाउस अरेस्ट कर दिया।नौचंदी थाने में कांग्रेसियों के विरूद्ध तस्करा सेंट्रल मार्किट में पुलिस ने पहरा बढ़ा दिया है।

### ग्रह क्लेश से प्रताड़ित महिला कुएं में कूदी हुई मौत

अमन लेखनी समाचार / समरजीत सोनकर

अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव गोंदहा में एक 40 वर्षीय महिला मीरा देवी पत्नी धर्मपाल रैदास ने गृह कलह से आहत होकर विगत दिवस रविवार देर रात समय एक कुएं में कूद गई जिससे उसकी मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार महिला घरेलू विवादों से पीड़ित थी जिससे वह कुएं में कूद गई यह दृश्य जैसे ही घर के अन्य परिजनों ने देखा तो शोर मचाया आसपास के लोगों की सहायता से महिला को कुएं से बाहर निकाल कर परिजन नजदीकी अस्पताल ले गए जहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया सूचना मिलने पर प्रातः सोमवार पहुंची स्थानीय पुलिस प्रशासन ने घटनास्थल समेत मामले की छानबीन की वही जानकारी लेने पर थाना प्रभारी चांदपुर विनोद पटेल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है रिपोर्ट आने के पश्चात अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

### स्कूली छात्राओं को छेड़ना पड़ा महंगा पास्को एक्ट में मुकदमा दर्ज

**अपराधी हुए गिरफ्तार मोटरसाइकिल हुई सीज**

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। जनपद के सदर कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आईटीआई रोड के समीप मोटरसाइकिल में सवार दो युवकों ने स्कूल जा रही छात्राओं के साथ छींटाकशी की वही किसी व्यक्ति द्वारा बनाए गए वीडियो को सोशल मीडिया में देख पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन पर तत्काल प्रशासन ने दोनों युवकों को मोटरसाइकिल समेत हिरासत में ले लिया मिली जानकारी के अनुसार छात्राएं अपने विद्यालय जा रही थी जहां आईटीआई रोड के समीप मोटरसाइकिल में सवार दो युवकों ने छात्राओं के साथ छींटाकशी कर उनका हाथ पकड़ने जैसी हरकतें की पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर पास्को एक्ट समेत अन्य धाराओं पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए जेल भेज दिया गया है वही मोटरसाइकिल को भी धारा 207 एमबी एक्ट के तहत सीज कर दिया गया है

# स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं की जांच

## डीसीएमओ ने सेवाओं की समीक्षा कर दिए सख्त निर्देश

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद , भोजपुर क्षेत्र में शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026 को उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं नोडल एनआरएचएम डॉ. रविन्द्र कुमार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोजपुर और अमराला आयुष्मान आरोग्य मंदिर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इन केंद्रों पर स्वास्थ्य सेवाओं और व्यवस्थाओं की जमीनी स्थिति का जायजा लिया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोजपुर के निरीक्षण के दौरान डॉ. कुमार ने ओपीडी सेवाओं, दवा वितरण व्यवस्था, लैब सुविधाओं, अभिलेखों के संधारण, साफ-सफाई और अस्पताल परिसर की समग्र व्यवस्था का गहन मूल्यांकन किया। उन्होंने चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक की, जिसमें मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की गुणवत्ता और राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संचालन की समीक्षा की गई। डॉ. कुमार ने बायोमेट्रिक उपस्थिति, समयपालन,



दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता और मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।डॉ. कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर, सुलभ और समयबद्ध उपचार उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है।उन्होंने अभिलेखों का अवलोकन कर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए और स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही न बरतने की सख्त चेतावनी भी दी। इसके बाद, डॉ. रविन्द्र कुमार ने अमराला स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का भी औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने ओपीडी सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता, जांच सुविधाओं और आयुष्मान भारत योजना के तहत दी जा रही सेवाओं की समीक्षा की। उन्होंने मरीजों से सीधे बातचीत कर सुविधाओं की जानकारी ली और उनकी संतुष्टि का आकलन किया। निरीक्षण के अंत में, संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ करें, ताकि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

# सपा ने निजी स्कूलों की फीस वृद्धि पर प्रदर्शन किया

## प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , समाजवादी पार्टी ने मेरठ में निजी विद्यालयों द्वारा की जा रही मनमानी फीस वसूली और अनावश्यक खर्चों के खिलाफ प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकताओं ने इस संबंध में ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा, जिसमें अभिभावकों के आर्थिक शोषण पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया है कि जनपद मेरठ सहित देशभर के निजी विद्यालय हर वर्ष बिना किसी स्पष्ट कारण के फीस में अत्यधिक वृद्धि कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, अभिभावकों पर महंगी किताबें, यूनिफॉर्म और स्टेशनरी केवल स्कूल से ही खरीदने का दबाव बनाया जाता है। विद्यालय प्रशासन स्मार्ट क्लास, एक्टिविटी और वार्षिक उत्सव जैसे आयोजनों के नाम पर भी अतिरिक्त और अनावश्यक शुल्क वसूलता है।परिवहन ( बस ) शुल्क में भी मनमानी बढ़ोतरी की जा रही है।



फीस न देने पर छात्रों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने या उन्हें कक्षा से वंचित करने के मामले भी सामने आए हैं।पार्टी ने आरोप लगाया कि यह स्थिति न केवल मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों पर भारी आर्थिक बोझ डाल रही है, बल्कि बच्चों के शिक्षा के अधिकार का भी हनन कर रही है। अभिभावक लगातार इस समस्या से जूझ रहे हैं। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि निजी विद्यालयों की फीस निर्धारण के लिए सख्त नियम बनाए जाएं और उनका कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। सभी प्रकार के अतिरिक्त एवं अनावश्यक शुल्कों पर तत्काल रोक लगाई जाए। इसके साथ ही, प्रत्येक जिले में एक फीस नियामक समिति गठित करने की मांग की गई है, जिसमें अभिभावकों की भागीदारी भी सुनिश्चित हो। शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु एक हेल्पलाइन या पोर्टल शुरू करने और दोषी विद्यालयों के विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्यवाही करने का भी आग्रह किया गया है।इस दौरान मुखिया गुर्जर, विपिन चौधरी, हिमांशु सिद्धार्थ, किशन जाटव, विपिन मनोठिया समेत कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# श्रमिक हिंसा पर गरमाई सियासत

**सपा-कांग्रेस का जुबानी हमला, अजय राय ने पाकिस्तान एंगल पर सरकार को घेरा**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , श्रमिकों के हिंसक प्रदर्शन ने अब पूरी तरह राजनीतिक रंग ले लिया है। समाजवादी पार्टी ( सपा ) और कांग्रेस दोनों ने घटनाक्रम को लेकर योगी सरकार पर तीखा हमला बोला। एक ओर जहां सपा का 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल श्रमिकों के परिजनों से मिलने नोएडा पहुंचा, वहीं पुलिस ने उन्हें डीएनडी फ्लाईओवर पर ही रोक दिया।यूपी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय और अतुल प्रधान के नेतृत्व में सपा नेताओं ने मौके पर ही धरना देकर सरकार विरोधी नारेबाजी शुरू कर दी।इस दौरान डीएनडी पर ट्रैफिक भी प्रभावित हुआ। बाद में पुलिस सभी नेताओं को अपने साथ पुलिस लाइन ले गई। दूसरी तरफ, कांग्रेस ने भी इस पूरे मामले में सरकार को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ी।उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने श्रमिक आंदोलन में पाकिस्तान एंगल तलाशने पर सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में सरकार खुद आपकी है, तो किसी भी तरह की साजिश या एंगल सामने आता है, तो यह आपकी विफलता को दशार्ता है। नोएडा महानगर कांग्रेस कार्यालय में बातचीत के दौरान अजय राय ने हिंसा, तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाओं के लिए सीधे तौर पर योगी आदित्यनाथ सरकार को जिम्मेदार ठहराया।

# पाकिस्तान से ऑपरेट हो रही थी नोएडा में हिंसा

**कमिश्नर का दावा- ट्विटर और वॉट्सएप ग्रुपों पर श्रमिकों को भड़काया**

अमन लेखनी समाचार

नोएडा,हुए हिंसक प्रदर्शन के मामले में पुलिस ने 3 मुख्य साजिशकताओं की पहचान की है। इनमें रूपेश राय और मनीषा चौहान को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि आदित्य आनंद अभी फरार है।तीनों आरोपी हिंसा के दौरान नोएडा में मौजूद थे और श्रमिकों को भड़काने में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे।तीन संगठनों के नाम भी सामने आए हैं।इनमें ह्यमजदूर बिगुल दस्ता प्रमुख रूप से शामिल है।इस संगठन का प्रमुख रूपेश राय है, जो बिहार का रहने वाला है।बताया जा रहा है कि यह संगठन श्रमिकों को संगठित कर हिंसक प्रदर्शन के लिए उकसा रहा था। वहीं, जांच के दौरान पुलिस को दो संदिग्ध ट्विटर ( ) हैंडल की जानकारी मिली है। सूत्रों के मुताबिक, ये हैंडल पाकिस्तान से ऑपरेट किए जा रहे थे और पिछले 3 महीने से एक्टिव थे।इन हैंडल्स को संचालित करने में वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क ( श्ढठ ) का भी इस्तेमाल किया जा रहा था।पुलिस ने इनका बैक डेटा भी मंगवाया है।ये बातें गौतमबुद्ध नगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने नोएडा में हिंसक प्रदर्शन को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताईं। आक्रोशित



कर्मचारियों ने पुलिस की गाड़ी में तोड़फोड़ की।कई जगह आगजनी भी की थी। आक्रोशित कर्मचारियों ने पुलिस की गाड़ी में तोड़फोड़ की। कई जगह आगजनी भी की थी।वॉट्सएप ग्रुप के जरिए हिंसा भड़काई गईपुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपियों ने 9 और 10 अप्रैल को वॉट्सएप ग्रुप बनाकर श्रमिकों को जोड़ा।इन ग्रुप्स के जरिए सड़कों पर उतरने, आगजनी और तोड़-फोड़ करने के लिए उकसाया गया। डिजिटल माध्यमों का इस्तेमाल कर बड़ी संख्या में लोगों को भड़काने की साजिश रची गई

# ग्रेटर नोएडा में सपा नेताओं को हाउस अरेस्ट किया

**माता प्रसाद पांडे, अतुल प्रधान समेत सपा डेलिगेशन को ले जाया गया पुलिस लाइन**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर , ग्रेटर नोएडा में छह से अधिक समाजवादी पार्टी ( सपा ) के नेताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया गया है।ये नेता आज नोएडा में प्रदर्शनकारी श्रमिकों से मुलाकात करने वाले थे।सपा नेताओं ने भाजपा सरकार पर मजदूरों की आवाज दबाने का आरोप लगाया है।यूपी विधानसभा में विपक्ष के नेता माता प्रसाद पांडे प्रतिनिधि मंडल के साथ में श्रमिकों से मिलने जा रहे थे।लेकिन उन्हें नोएडा पुलिस के द्वारा रोक लिया गया।उन्होंने कहा- ३मैं इस प्रतिनिधिमंडल के साथ यहां आया था।यहां लाठीचार्ज हुआ। मजदूरों के साथ अन्याय हुआ है इसलिए विरोध कर रहे थे क्योंकि उन्हें उनकी पूरी मजदूरी नहीं मिल रही थी। मैंने सरकार का ध्यान इस मामले की ओर दिलाया भी था, लेकिन सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की। यहां के श्रम आयुक्त और श्रम निरीक्षक को मजदूरों की समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए था और उनका समाधान करना चाहिए था। यह सरकार सो रही थी। जब स्थिति और बिगड़ गई, तो उन्होंने लाठीचार्ज का सहारा लिया। फिलहाल माता प्रसाद पांडे, अतुल प्रधान और सपा डेलिगेशन को पुलिस लाइन ले जाया गया है। दरअसल, नोएडा में श्रमिक अपनी वेतन सहित अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे।

# परशुराम प्राकट्य दिवस पर कौटिल्य परिषद का भव्य आयोजन संपन्न

**समाज के उत्कृष्ट व्यक्तित्वों का हुआ सम्मान, समरसता व जनकल्याण पर हुआ मंथन**

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। भगवान परशुराम के प्राकट्य दिवस के अवसर पर कौटिल्य परिषद् द्वारा दीवानी कचहरी स्थित बार सभागार में एक भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम सामाजिक एकता, सांस्कृतिक गौरव और जनसेवा के मूल्यों को समर्पित रहा। इस अवसर पर प्रशासन, न्यायपालिका, शिक्षा, चिकित्सा, संत समाज तथा विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े प्रतिष्ठित महिला एवं पुरुष व्यक्तित्वों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक सोच और प्रेरणा का संचार होता है। कार्यक्रम के दौरान समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाकर संवाद और सहयोग को बढ़ावा दिया गया। साथ ही समाजहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श कर महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की गई, जिससे जनकल्याण के कार्यों को नई दिशा देने पर जोर दिया गया। आयोजन के संयोजक शिवाजी शुक्ला, राणा प्रताप पाठक, संजय पाण्डेय, कृष्ण कुमार त्रिपाठी एवं श्री कांत मिश्रा ने कहा कि यह आयोजन समाज के जागरूक नागरिकों को एकजुट कर सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में एक सार्थक पहल है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मीडिया प्रतिनिधि, प्रबुद्धजन, सामाजिक कार्यकर्ता एवं आम नागरिक उपस्थित रहे, जिनकी सहभागिता से आयोजन सफल एवं प्रभावी रहा।

# डीएम के आदेश की उड़ीं धज्जियां?

**शाहाबाद के राजस्व गांव टोडरपुर में चक मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराने में राजस्व विभाग बेबस?**

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद (हरदोई)। जिला अधिकारी के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद शाहाबाद क्षेत्र में राजस्व विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। टोडरपुर गांव स्थित चकमार्ग संख्या 724 पर पिछले एक वर्ष से अतिक्रमण बना हुआ है, लेकिन इसे हटाने की दिशा में अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि बीते चार महीनों से तारीख पर तारीख और ह्लआज-कलह्व का आश्वासन देकर मामले को टालने में माहिर राजस्व अधिकारी की मनमर्जी या सत्ता संरक्षण के फलित अतिक्रमण हटाने में विवश है? जब इस संबंध में नायब तहसीलदार से जानकारी ली गई तो उन्होंने चकमार्ग से अतिक्रमण हटवाने के लिए किसी प्रकार की धनराशि (मद) उपलब्ध न होने की बात कही। यह जवाब अपने आप में कई सवाल खड़े करता है—क्या सरकारी आदेश भी अब बजट के अभाव में ठंडे बस्ते में डाल दिए जाएंगे? स्थानीय लोगों का आरोप है कि हल्का लेखपाल मुकेश अग्निहोत्री की निष्क्रियता या कथित संरक्षण के चलते अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई आगे नहीं बढ़ पा रही है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है और प्रशासनिक तंत्र की कार्यक्षमता पर सवालिया निशान लग रहा है। चकमार्ग जैसे सार्वजनिक रास्तों पर कब्जा न सिर्फ सरकारी भूमि पर अतिक्रमण है, बल्कि यह आम जनता के आवागमन के अधिकार का भी सीधा हनन है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग की उदासीनता यह संकेत देती है कि या तो आदेशों का पालन कराने की इच्छाशक्ति नहीं है, या फिर कहीं न कहीं व्यवस्था में गंभीर खामियां हैं। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और कब तक टोडरपुर गांव के इस चकमार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराया जाता है।

# केवाल में ब्राह्मण समाज ने धूमधाम से मनाई भगवान परशुराम जयंती

अमन लेखनी समाचार



कोन/सोनभद्र। अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज कोन के तत्वावधान में रविवार को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर कोन थाना क्षेत्र के केवाल गांव में भगवान परशुराम की जयंती श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान परशुराम की प्रतिमा के विधि-विधान से गंगाजल द्वारा अभिषेक के साथ हुई। इसके पश्चात श्रद्धालुओं ने अंगवस्त्र, यज्ञोपवीत, तिलक-चंदन अर्पित कर माल्यार्पण किया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन-पूजन संपन्न हुआ, जिससे पूरे मंदिर परिसर में आध्यात्मिक वातावरण का संचार हुआ। हवन और पूजा-अर्चना के उपरांत भव्य आरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आरती के बाद सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने भगवान परशुराम के जीवन चरित्र और उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जीवन धर्म, साहस और न्याय के लिए समर्पित रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सच्चिदानंद तिवारी (पूर्व पुलिस क्षेत्राधिकारी) ने कहा कि अक्षय तृतीया के दिन भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया जाता है। यह दिवस ज्ञान, पराक्रम और अन्याय के अंत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम को चिरंजीवी माना जाता है, जिन्होंने अधर्म का नाश कर धर्म की स्थापना की। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के उपाध्यक्ष शशांक मिश्रा, सुशील चतुर्वेदी, अजय चतुर्वेदी, अनुपम त्रिपाठी, सतीश तिवारी, विद्यानंद तिवारी, वाचस्पति त्रिपाठी, संजय चतुर्वेदी, संदीप, कृपानंद तिवारी, अमरेश पाण्डेय, दिलीप त्रिपाठी तथा मीडिया प्रभारी हृदय निवास पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण बंधु उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया और धार्मिक आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया।

## खास समाचार

### शाहाबाद वालों की लग गई लॉटरी! रजनी तिवारी की मेहनत रंग लाई, परिवहन मंत्री ने खोल दिया 'प्रगति का गेट'

अमन लेखनी समाचार

हरदोई ।शाहाबाद के लोगों के लिए आज का दिन दिवाली से कम नहीं था ! सालों का इंतजार खत्म हुआ और अब शाहाबाद की सड़कों पर रोडवेज बसों की रफ़्तार के साथ विकास की नई इबारत लिखी जाएगी। उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने आज शाहाबाद में नवनिर्मित शानदार रोडवेज बस अड्डे का भव्य उद्घाटन कर जनता को बड़ी सौगात दी है ।इस बस अड्डे के पीछे असली ताकत रही हैं क्षेत्र की विधायक और उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी। उनके लगातार प्रयासों और जनता के प्रति समर्पण का ही नतीजा है कि आज शाहाबाद को यह आधुनिक बस स्टेशन मिला है। कार्यक्रम में उन्होंने परिवहन मंत्री का जोरदार स्वागत किया और इस बड़ी उपलब्धि के लिए उनका आभार जताया। मंत्री रजनी तिवारी ने इस मौके पर दिल जीत लेने वाली बात कही। उन्होंने कहा, ₹मुख्यमंत्री की प्रेरणा से आज शाहाबाद को उसका हक मिला है ।यह बस स्टेशन सिर्फ ईंट-पत्थरों की इमारत नहीं, बल्कि हमारे क्षेत्रवासियों के लिए सुगम और सुरक्षित सफर की गारंटी है ।₹ उन्होंने इसे विकास की दिशा में एक 'क्रांतिकारी कदम' करार दिया ।जैसे ही रिबन कटा, शाहाबाद की जनता में खुशी की लहर दौड़ गई। अब न बसों का घंटों इंतजार करना होगा और न ही यात्रा की परेशानी ह्न इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख शाहाबाद अध्यक्ष रंजीत सिंह सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे

# शहर से बाहर किए गए प्राइवेट बस अड्डे, फिर भी हरदोई जाम से बेहाल

**आमजन को झेलनी पड़ रही भारी परेशानी**

अमन लेखनी समाचार

हरदोई ।जनपद में प्रशासन द्वारा प्राइवेट बस अड्डों को शहर की सीमा से बाहर स्थानांतरित करने का आदेश भले ही लागू कर दिया गया हो, लेकिन इसका अपेक्षित असर धरातल पर नजर नहीं आ रहा है। उल्टा, इस व्यवस्था के चलते आम जनमानस की परेशानियां बढ़ती दिखाई दे रही हैं। सोमवार को सुबह लगभग 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक शहर के विभिन्न हिस्सों में भीषण जाम की स्थिति बनी रही, जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। शहर के अंदर संचालित हो रहे सभी प्राइवेट बस अड्डे खाली पड़े नजर आए, जबकि यात्रियों को अब बस पकड़ने के लिए शहर के बाहरी क्षेत्रों तक जाना पड़ रहा है। पहले जहां नुमाइश चौराहे से लखनऊ सहित अन्य स्थानों के लिए आसानी से बसें उपलब्ध हो जाती थीं, वहीं अब यात्रियों को लखनऊ चुंगी जैसे बाहरी इलाकों तक जाना मजबूरी बन गया है। इससे विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं और दूर-दराज से आने वाले यात्रियों को अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर, शहर के भीतर ऑटो रिक्शा और रोडवेज बसों की संख्या में अचानक बढ़ोतरी के कारण यातायात का दबाव बढ़ गया है। सड़कों पर अव्यवस्थित ढंग से चल रहे वाहन जाम का मुख्य कारण बन रहे हैं। स्थिति यह है कि बस अड्डे शहर से बाहर कर दिए जाने के बावजूद जाम की समस्या जस की तस बनी हुई है, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। भीषण गर्मी के बीच जाम में फंसे लोग घंटों तक परेशान रहे। यात्रियों का कहना है कि एक ओर जहां उन्हें अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है, वहीं दूसरी ओर शहर के अंदर जाम से राहत नहीं मिल रही है। ऐसे में यह व्यवस्था आमजन के लिए और अधिक कष्टदायक बन गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस नई व्यवस्था की पुनः समीक्षा की जाए और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रांतीय महाधिवेशन 6 से 8 मई तक गोरखपुर में

**शिक्षा की चुनौतियों पर मंथन, 'शिक्षा बचाओ अभियान' की होगी शुरूआत**

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (ठकुराई) का तीन दिवसीय प्रांतीय महाधिवेशन 6, 7 और 8 मई 2026 को गोरखपुर के एनई रेलवे ऑडिटोरियम, महाप्रबंधक कार्यालय में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी संघ के प्रधान प्रांतीय संरक्षक जगदीश पांडेय ठकुराई ने प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि महाधिवेशन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से करीब 1500 शिक्षक प्रतिनिधि भाग लेंगे और शिक्षा व शिक्षक हितों से जुड़े अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। महाधिवेशन को पांच सत्रों में विभाजित किया गया है। पहले सत्र में उद्घाटन, दूसरे में अध्यक्षीय उद्बोधन होगा। तीसरे सत्र में ह्लशिक्षा की चुनौतियां और शिक्षकों का दायित्वह्व विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की जाएगी, जिसमें शिक्षाविदों और विशेषज्ञों की सहभागिता रहेगी। चौथे सत्र में विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं से जुड़े प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे, जिन पर चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा। अंतिम सत्र में इन प्रस्तावों को पारित कर मांग पत्र तैयार किया जाएगा और आगे के संघर्ष की रूपरेखा तय की जाएगी। इस दौरान संघ द्वारा एक बड़े जनांदोलन की रूपरेखा भी तैयार की जाएगी। ह्लगांव-गांव तक शिक्षा बचाओ अभियानह्व चलाकर छात्रों, अभिभावकों और आम जनता को इससे जोड़ा जाएगा, ताकि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा सके। प्रेस वार्ता में प्रांतीय मंत्री एवं महाधिवेशन संयोजक डॉ. अजय कुमार पाण्डेय, सह संयोजक सत्यपाल सिंह और डॉ. शोभित श्रीवास्तव, प्रदेशीय कार्यकारिणी सदस्य जगताशरण, देवेंद्र प्रताप सिंह गौतम, संरक्षक रमेश सिंह, मंडल अध्यक्ष दुर्गेश दत्त पाण्डेय, मंडल मंत्री डॉ. डी.एन. पाण्डेय समेत कई जिलों के पदाधिकारी और शिक्षक उपस्थित रहे। महाधिवेशन संघ के प्रांतीय नेतृत्व की अध्यक्षता में आयोजित होगा, जिसमें प्रांतीय महामंत्री लालमणि द्विवेदी, कोषाध्यक्ष अयोध्या प्रसाद अग्रवाल सहित प्रदेश, मंडल और जिला स्तर के पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। संघ पदाधिकारियों का कहना है कि यह महाधिवेशन शिक्षा व्यवस्था में सुधार और शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए महत्वपूर्ण निर्णयों का मंच बनेगा।

# कुरारी ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप, सरकारी धन के दुरुपयोग, प्रधान-सचिव की मिलीभगत से फाइलों तक सिमटा विकास

**जर्जर भवन, बंद शौचालय और अवैध कब्जों से उजागर हुई योजनाओं की पोल**

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद ,हरदोई। जिले के भरखनी ब्लॉक क्षेत्र की कुरारी ग्राम पंचायत एक बार फिर सुर्खियों में है, जहां विकास कार्यों में भारी अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की मंशाओं के विपरीत यहां जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि मिलकर सरकारी धन का बंदरबांट कर रहे हैं, जिससे गांव का समुचित विकास प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार पंचायत में बने आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन और दिव्यांग शौचालय की हालत बेहद खराब है। कई भवन जर्जर स्थिति में पहुंच चुके हैं और उपयोग के लायक नहीं बचे हैं। सबसे ज्यादा नाराजगी सार्वजनिक शौचालय को लेकर है, जिसे ग्रामीण ह्लसिर्फ कागजों में संचालितह्व बता रहे हैं। उनका कहना है कि शौचालय कभी खुलता ही नहीं, जिससे लोगों को रोजाना असुविधा झेलनी पड़ रही है। पंचायत भवन को लेकर भी गंभीर आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पुरानी पंचायत भवन पर पूर्व प्रधान द्वारा अवैध कब्जा किया गया है, जिससे पंचायत के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। वहीं, गांव के खेल मैदान की जमीन पर भी कब्जे की शिकायत सामने आई है, जिससे बच्चों और युवाओं के खेलने की जगह सिमट गई है। इस पूरे मामले में जब ग्राम पंचायत सचिव से बात की गई तो उन्होंने आरोपों से किनारा करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में किसी भी भवन का निर्माण नहीं हुआ है। उन्होंने यह भी दावा किया कि पंचायत भवन की दीवार किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा तोड़ी गई होगी। हालांकि, सचिव के इस बयान से ग्रामीण संतुष्ट नहीं हैं और इसे जिम्मेदारी से बचने का प्रयास मान रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रधान और सचिव की मिलीभगत से विकास कार्यों में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक नहीं पहुंच रहा, जबकि कागजों में कार्य पूर्ण दिखाकर धन निकासी की जा रही है। कई कार्य या तो अधूरे हैं या गुणवत्ता विहीन तरीके से कराए गए हैं। गांव में इस पूरे प्रकरण को लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। चेतावनी दी गई है कि यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो ग्रामीण आंदोलन करने को मजबूर होंगे। अब सवाल यह है कि क्या जिम्मेदारों की मिलीभगत से विकास योजनाओं में सेंध लगाई जा रही है, या फिर निगरानी तंत्र की विफलता ने इस स्थिति को जन्म दिया है। फिलहाल, यह मामला प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बनता जा रहा है।

# डंपर ने फैक्ट्री मजदूर को मारी टक्कर, मौत

अमन लेखनी समाचार




फतेहपुर। जनपद के कल्याणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चौडगरा साईं गांव निवासी 35 वर्षीय श्याम किशोर उर्फ श्यामू सिंह पुत्र धर्मेंद्र सिंह को तेज रफ्तार डंफर ने भीषण टक्कर मार दी जिससे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार युवक चौडगरा कस्बे में एक फैक्टरी पर कर्मचारी था जो मध्यान्ह लंच लगभग 1:30 बजे करके घर से कल वापस साइकिल द्वारा अपनी फैक्ट्री जा रहा था ठीक उसी समय बिंदकी की ओर से कानपुर जा रहे तेज रफ्तार डंपर ट्रक ने लंबरदार मार्केट के समीप युवक को पीछे से भीषण चक्कर मार दी टक्कर लगने के साथ-साथ युवक ट्रक के पहिए में फस गया तथा काफी दूर तक घसीटता चला गया आनन-फानन ट्रक चालक गाड़ी से कूद कर फरार हो गया वहीं आसपास के लोगों ने शोर मचाते हुए पुलिस प्रशासन को सूचना दी सूचना पाते ही पहुंचे बिंदकी पुलिस क्षेत्राधिकारी गौरव शर्मा कल्याणपुर थाना प्रभारी सुमित देव पाण्डेय समेत भारी पुलिस बल ने डंफर ट्रक को कब्जे में लेते हुए शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा यह जानकारी जैसे ही मृतक के परिजनों को दी गई तो घर में पत्नी गोलू समेत बच्चों तथा परिजनों में कोहराम मच गया थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम के लिए शव को भेजा गया है वही ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

# युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर की खुदकुशी

अमन लेखनी समाचार

मल्लावां (हरदोई) अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मल्लावां कोतवाली क्षेत्र के बरहुवां गांव निवासी मृदुल उर्फ रजत त्रिपाठी उम्र 30 वर्ष पुत्र पृथ्वी नाथ का रविवार को नए घर में शव फांसी पर लटका मिला। घटना के समय पिता लखनऊ किसी कार्य से गए थे। सोमवार सूचना जब पहुंचे तो शव लटका हुआ देखा तो पूरे घर में कोहराम मच गया। मृतक दो बहनो में अकेला था, जो नशे का आदी था। पुलिस ने शव को उतरवाकर जाँच पड़ताल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत महिला सुरक्षा सम्मान सशक्तिकरण की ओर सशक्त पहल

**महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों—जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य—पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर

112-आपातकालीन सेवा

1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181-महिला हेल्पलाइन

1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन

1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

# एनटीपीसी रिहंद की राख से नरकीय हुआ ग्रामीणों का जीवन

अमन लेखनी समाचार



बीजपुर (सोनभद्र)विकास की अंधी दौड़ और औद्योगिक लापरवाही ने बीजपुर के ग्रामीणों का जीना मुहाल कर दिया है ।एनटीपीसी रिहंद से होने वाला राख परिवहन अब क्षेत्र के लिए वरदान नहीं बल्कि जी का जंजाल बन चुका है ।ओवरलोड वाहनों से उड़ती राख ने न केवल पर्यावरण को धुंधला कर दिया है बल्कि ग्रामीणों की सेहत और फसलों पर भी ग्रहण लगा दिया है ।स्थानीय लोगों का आरोप है कि रात के अंधेरे में राख माफिया सक्रिय हो जाते हैं ।नियमों को ताक पर रखकर ट्रकों में क्षमता से अधिक राख लादी जा रही है। आलम यह है कि जब ये भारी वाहन चढ़ाई नहीं चढ़ पाते तो चालक बिना किसी डर के सड़क किनारे ही राख उड़ेल देते हैं ।इससे पूरी सड़क राख के ढेर में तब्दील हो गई है जिससे आवागमन जानलेवा बना हुआ है ।सड़क पर बिखरी और उड़ती राख के कारण दृश्यता इतनी कम हो गई है कि दिन में भी रात जैसा नजारा दिखता है ।उड़ती राख के सूक्ष्म कण ग्रामीणों के फेफड़ों में समा रहे हैं जिससे दमा, खांसी और त्वचा संबंधी बीमारियां महामारी की तरह फैल रही हैं ।खेतों और पेड़-पौधों पर राख की मोटी परत जमने से प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया बाधित हो रही है जिससे फसलें सूख रही हैं ।ग्रामीणो का कहना है कि सड़क पर चलना दूभर हो गया है ऐसा लगता है जैसे हम किसी गैस चैंबर में रह रहे हों।

# घर में घुसकर चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा, पांच गिरफ्तार

**नकदी, चांदी, वाहन व मोबाइल बरामद, पुलिस की सख्त कार्रवाई**

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। जनपद के थाना गोरखनाथ पुलिस ने चोरी की बड़ी घटना का सफल अनावरण करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 1 लाख रुपये नकद, 191 ग्राम चांदी, चोरी के पैसे से खरीदी गई बाइक, घटना में प्रयुक्त स्कूटी और पांच मोबाइल फोन बरामद किए हैं। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक विजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में टीम ने आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की।

## परिवार के बाहर होने का उठाया फायदा

घटना 10-11 मार्च 2026 की है, जब पीड़ित परिवार अपने घर से बाहर देवरिया गया हुआ था। इसी दौरान आरोपियों ने सूने मकान को निशाना बनाते हुए ताला तोड़ा और अंदर घुसकर अलमारी का लॉकर तोड़ दिया। आरोपियों ने घर में रखे जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। मामले की जानकारी होने पर पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना गोरखनाथ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।

## जांच में सामने आए आरोपी, ऐसे हुई गिरफ्तारी

पुलिस ने सर्विलांस और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में मुस्तकीम, सलमान अंसारी, मोहम्मद कैफ, नादिर बेग और विशाल कुमार अग्रहरि शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की घटना स्वीकार की, जिसके बाद उनकी निशानदेही पर चोरी का सामान बरामद किया गया।

## आपराधिक पृष्ठभूमि भी आई सामने

पुलिस जांच में सामने आया कि कुछ आरोपी पहले भी आपराधिक मामलों में संलिप्त रहे हैं। इनके खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं, जिससे इनके आपराधिक नेटवर्क की भी जांच की जा रही है।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



# महावतार परशुराम का पहला पोस्टर और टीजर रिलीज...

**मुंबई।** होम्बेल फिल्म्स ने 19 अप्रैल को परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर फिल्म 'महावतार परशुराम' का पहला पोस्टर जारी किया है। साथ ही टीजर भी पेश किया है। बता दें कि भगवान विष्णु के दस अवतारों पर आधारित सात भागों वाले एनिमेटिड 'महावतार सिनेमैटिक यूनिवर्स' की यह दूसरी किस्त है। इससे पहले फिल्म 'महावतार नरसिम्हा' काफी पसंद की गई थी। होम्बले फिल्म्स ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। इसके जरिए 'महावतार परशुराम' का पहला पोस्टर रिलीज किया गया है। फिल्म का पोस्टर हिंदी और अंग्रेजी के अलावा अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में रिलीज किया गया है।

लाइफ Style



# अक्षय

## 'भूत बंगला' ने मारी दहाड़

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अक्षय कुमार और दिग्गज डायरेक्टर प्रियदर्शन की जादुई जोड़ी ने एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दिया है। हेरा फेरी और भूल भुलैया जैसी फिल्मों का स्वाद चख चुके फैंस के लिए 'भूत बंगला' किसी ट्रीट से कम नहीं है। 14 साल के लंबे इंतजार के बाद जब यह जोड़ी पर्दे पर लौटी, तो दर्शकों का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंच गया।

फिल्म को मिल रहे शानदार रिस्पॉन्स और पॉजिटिव माउथ पब्लिसिटी का नतीजा अब इसके कलेक्शन में साफ दिख रहा है। शुरुआती रुझानों के बाद दूसरे दिन फिल्म की कमाई में जबरदस्त उछाल आया है, जो अक्षय के गिरते करियर ग्राफ के लिए एक बड़ी संजीवनी साबित हो सकती है। ओपनिंग डे पर फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी पकड़ दिखाई है। शुरुआती रुझानों और पॉजिटिव रिव्यू को देखते हुए उम्मीद है कि फिल्म पहले वीकेंड पर तगड़ी कमाई करेगी। अक्षय की कॉमेडी और प्रियदर्शन का डायरेक्शन एक बार फिर कमाल करता दिख रहा है। फिल्म ने दो दिन में ग्रॉस 42 करोड़ का कलेक्शन किया। वहीं, नेट 35 करोड़ कमाए। इसी के साथ फिल्म ने वर्ल्डवाइड 61.50 करोड़ का कलेक्शन किया। ओवरसीज मार्केट में 19.50 करोड़ का कलेक्शन किया है। फिल्म को पहले दिन 12 हजार और दूसरे दिन 11 हजार के करीब शोज मिले। तीसरे दिन भी फिल्म धमाकेदार कमाई की। फिल्म को प्रियदर्शन ने डायरेक्ट किया है। आकाश कौशिक ने फिल्म की कहानी लिखी है। फिल्म में अक्षय कुमार लीड रोल में हैं। वहीं परेश रावल, राजपाल यादव, वामिका गब्बी, तबु, मिथिला पालकर जैसे स्टार्स हैं।

हॉलीवुड मसाला



# स्कॉर्पियन्स ने रद्द किया इंडिया टूर

**लॉस एंजिल्स।** जर्मन रॉक बैंड 'स्कॉर्पियन्स' की तरफ से शनिवार को घोषणा की गई कि वे अपना इंडिया टूर रद्द कर रहे हैं। जर्मन रॉक बैंड 'स्कॉर्पियन्स के एक सदस्य को मेडिकल इश्यूज हो गया है। वह सदस्य बीमार हैं। ऐसे में यह रॉक बैंड अपना इंडिया टूर रद्द कर रहा है। यह जानकारी इंडिया टूर के आयोजकों ने सोशल मीडिया पर साझा की है। बता दें कि यह बैंड 21 अप्रैल को शिलॉन्ग के जेएन स्टेडियम में परफॉर्म करने वाला था। इसके बाद 24 अप्रैल को दिल्ली-एनसीआर, 26 अप्रैल को बेंगलुरु और 30 अप्रैल को मुंबई में इनके कॉन्सर्ट होने वाले थे।



# सिंगर मलिक पांच सोलो एल्बम कर चुके हैं रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** पॉपुलर ब्रिटिश सिंगर के फैंस दुनिया भर में मौजूद हैं। भारत में भी इस सिंगर को पसंद किया जाता हैसिंगर जेन मलिक का नया एल्बम 'कोन्नाकोल' काफी दिनों से चर्चा में था। जिस दिन यह एल्बम रिलीज होना था, उसी दिन सिंगर को अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। जेन ने अपना हेल्थ अपडेट म्यूजिक एल्बम 'कोन्नाकोल' के रिलीज होने के कुछ ही घंटों बाद दिया है। 2015 में वन डायरेक्शन म्यूजिक बैंड छोड़ने के बाद यह उनका पांचवां एल्बम है। बिलबोर्ड के मुताबिक जेन मलिक ने कहा, 'अब तक पांच सोलो एल्बम आ चुके हैं। मैं इस बात से बहुत उत्साहित था कि बैंड छोड़ने के बाद अपना पहला सोलो एल्बम बना पाया। लोगों ने भी उसमें दिलचस्पी दिखाई। मुझे इस बात पर प्राउड फील होता है। जेन मलिक के पिछले चार एल्बम बिलबोर्ड 200 चार्ट में जगह बना चुके हैं।



# भगवान वेंकटेश्वर का लिया आशीर्वाद

**मुंबई।** रविवार सुबह तमन्ना भाटिया ने तिरुपति बालाजी मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर के अवतार विष्णु के दर्शन किए। यह मंदिर आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में तिरुमाला की सात पहाड़ियों पर स्थित है। इसकी खास झलक तमन्ना ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। तमन्ना ने 19 अप्रैल को रविवार के दिन भगवान विष्णु के अवतार भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन किए। यह प्राचीन मंदिर तिरुपति बालाजी मंदिर भगवान वेंकटेश्वर को समर्पित है। तमन्ना ने इसकी खास झलक अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की है। तमन्ना ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर मंदिर से एक खास वीडियो अपने फैंस के लिए शेयर किया है। इस वीडियो में तमन्ना माथे पर लाल बिंदी लगाए लाल चुनरी पहने नजर आ रही हैं, जिसके पीछे 'अच्युतम केशवम कृष्ण दामोदरम' भजन सुनाई दे रहा है।



# सलमान की फिल्म की शूटिंग शुरू

**मुंबई।** सलमान खान फिल्म 'मातृभूमि' के बाद साउथ एक्ट्रेस नयनतारा के साथ अगली फिल्म करेंगे। इस फिल्म की शूटिंग से जुड़ा अपडेट मेकर्स ने साझा किया है। सलमान की इस फिल्म के लिए बॉलीवुड एक्टर्स एक्साइटेड दिख रहे हैं। निर्देशक वामशी ने इंस्टाग्राम पर सलमान की आगामी फिल्म से जुड़ी जानकारी साझा की है। निर्देशक ने एक क्लैपरबोर्ड की तस्वीर अपलोड की, जिस पर 'मुहूर्त' लिखा हुआ था। इस तरह वामशी ने फैंस को बताया कि सलमान और नयनतारा की एक्शन ड्रामा फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। शनिवार को इसका मुहूर्त शॉट किया गया। डायरेक्टर वामशी की पोस्ट और सलमान की फिल्म को लेकर कई बॉलीवुड सेलेब्स उत्साहित दिखे। इस पोस्ट पर रिएक्शन देते हुए अनिल कपूर ने लिखा, 'वामशी, आपको बहुत-बहुत शुभकामनाएं।'

टीवी मसाला



# अविनाश और ईशा के गाने शुक्रिया में दिखी शादी की झलक

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 18 से मशहूर हुई जोड़ी अविनाश मिश्रा और ईशा सिंह एक बार फिर साथ नजर आ रही है। दोनों इस बार अंशुल गर्ग के गाने 'शुक्रिया' में दिखाई दे रहे हैं, जो फैंस के बीच दो ही दिन में पॉपुलर भी हो गया है। जब अविनाश मिश्रा और ईशा सिंह ने 'बिग बॉस 18' में हिस्सा लिया था, तब वे जल्दी ही दर्शकों के पसंदीदा बन गए थे और लोग उन्हें एक साथ देखना पसंद करने लगे थे। उनकी केमिस्ट्री शो की खास बातों में से एक थी, और तभी से दर्शक उन्हें फिर से ऑन-स्क्रीन और ऑफ-स्क्रीन साथ देखने का इंतजार कर रहे थे, जो अब आखिरकार पूरा हो गया है। हाल ही में दोनों ने अपने हाथों की एक तस्वीर शेयर करके फैंस को खुश कर दिया था, जिससे लोग सोचने लगे थे कि दोनों क्या नया करने वाले हैं। अब यह साफ हो गया है कि अविनाश और ईशा ने 'शुक्रिया' नाम के एक म्यूजिक वीडियो के लिए साथ काम किया है, जिसे अंशुल गर्ग ने प्रोड्यूस किया है। अंशुल गर्ग अपने गानों में फेमस जोड़ियों को साथ लाने के लिए जाने जाते हैं, और इस बार भी उन्होंने वही किया है। यह गाना आज रिलीज हो गया है। इस म्यूजिक वीडियो में अविनाश और ईशा की एक प्यारी सी लव स्टोरी दिखाई गई है, जिसमें वे शादी की रस्में निभाते नजर आते हैं, जैसे हल्दी और फेरे। उनकी वापसी से दर्शकों में काफी खुशी है और दोनों की केमिस्ट्री ने इंटरनेट पर धूम मचा दी है। फैंस उनकी जोड़ी और बॉन्डिंग की जमकर तारीफ कर रहे हैं। गाने में हल्दी, मेहंदी और शादी से लेकर सभी खास पलों को दिखाया गया है।

## शाहरुख के लिए लिख चुकी हैं गाना

**नई दिल्ली।** 'शाका लाका बूम बूम' की ऋतु याद है, जो टॉम बॉय थी और लड़कों से भी भिड़ जाती थी? वह रोल साईनी राज ने निभाया था। वह अब



एक्टिंग छोड़ चुकी हैं और शाहरुख खान के लिए गाना भी लिख चुकी हैं। 26 साल में वह काफी बदल चुकी हैं। ऋतु के किरदार को साईनी राज ने निभाया था, जो एक पॉपुलर चाइल्ड आर्टिस्ट थीं। साईनी राज एक कवयित्री, राइटर, लिरिसिस्ट और एक वर्चुअल बुक क्लब की फाउंडर हैं। उन्होंने लॉकडाउन के दौरान 'सब सही जाएगा' गाना लिखा था, जिसे शाहरुख खान ने गाया था। यही नहीं, साईनी राज रैपर और सिंगर बादशाह के साथ भी काम कर चुकी हैं और एक शॉर्ट फिल्म भी लिखी। हालांकि, इस मुकाम तक पहुंचने के लिए साईनी राज ने खूब रिजेक्शन झेला था। साईनी राज ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत 7 साल की उम्र में की थी। उन्होंने जो पहला एक्ट किया था, उसके लिए 300 रुपये मिले थे। हालांकि, साईनी राज का सफर बिल्कुल भी आसान नहीं था। उन्होंने एक बार बताया था कि विज्ञापनों के लिए वह 300 बार तक ऑडिशन दे चुकी थीं।

# निकिता ने मिस इंडिया वर्ल्ड साध्वी को पहनाया ताज, ईशान ने किया परफॉर्म...

**नई दिल्ली।** 18 अप्रैल को भुवनेश्वर के केआईआईटी में 61वीं मिस इंडिया प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस भव्य प्रोग्राम में गोवा की साध्वी सैल ने मिस इंडिया वर्ल्ड 2026 का खिताब जीता है। उन्होंने भारत की 30 प्रतियोगियों को पीछे छोड़कर यह सौंदर्य प्रतियोगिता जीती है। मिस इंडिया प्रतियोगिता में कई पल बहुत खास रहे। मिस इंडिया प्रतियोगिता में विजेता के तौर पर साध्वी सैल के नाम का ऐलान हुआ। इसके बाद उन्हें मिस इंडिया वर्ल्ड 2024 निकिता पोरवाल ने ताज पहनाया। यह पल काफी खास था। अब साध्वी मिस इंडिया प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

***पहली और दूसरी रनरअप को पहनाया गया ताज :*** साध्वी ने राजनंदिनी और अद्वैता को पछाड़कर यह खिताब अपने नाम किया है। मिस इंडिया 2026 में महाराष्ट्र की रहने वाली राजनंदिनी फर्स्ट रनर अप रहीं। वहीं, चेन्नई की रहने वाली अद्वैता सेकंड रनर अप बनीं। राजनंदिनी फेमिना मिस इंडिया महाराष्ट्र रह चुकी हैं। वहीं अद्वैता फेमिना मिस इंडिया यूनियन टेरिटरी रह चुकी हैं। प्रतियोगिता में इन



दोनों को ताज पहनाया गया। इस मौके पर साध्वी ने भी खुशी जताई।


***नेहा ने किया साध्वी को सम्मानित :*** यह बहुत ही हैरानी भरा पल था, जब मिस इंडिया के नाम का एलान हुआ। विनर के तौर पर जब साध्वी के नाम का एलान हुआ, तो वह हैरान हो गईं। वह लगभग रोने वाली थीं। विजेता के तौर पर उनके नाम की घोषणा होने के बाद अभिनेत्री नेहा धूपिया ने उन्हें सम्मानित किया।

***जुबिन ने दी परफॉर्मेंस :*** भुवनेश्वर के केआईआईटी में 61वीं मिस इंडिया प्रतियोगिता में ईशान खट्टर ने एनर्जी से भरपूर परफॉर्मेंस दी। वहां मौजूद लोगों ने उनके डांस की तारीफ की। इसी कड़ी में जुबिन नौटियाल ने भी परफॉर्मेंस दी। उनकी आवाज ने प्रोग्राम में समां बांध दिया।

***लॉरेन ने डांस से दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध :*** अमेरिकी डांसर और अभिनेत्री लॉरेन गॉटलिब ने 61वें फेमिना मिस इंडिया 2026 के ग्रैंड फिनाले में डांसर के तौर पर शानदार परफॉरमेंस दी। उन्होंने अपने मूव्स से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण को दर्शाते हुए डांस किया।

# दूसरी बार मां बनने वाली हैं दीपिका

**मुंबई।** 'धुरंधर' एक्टर रणवीर सिंह के सितारे बुलंदी पर हैं। प्रोफेशनल फ्रंट पर वे 'धुरंधर 2' को लेकर तारीफें बटोर रहे हैं। वहीं, निजी जिंदगी में भी एक्टर की जिंदगी में खुशियों ने दस्तक दी है। वे दूसरी बार पिता बनने वाले हैं। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने रविवार को फैंस के साथ खुशखबरी साझा की है। वे दूसरी बार प्रेग्नेंट हैं। दीपिका पादुकोण ने दूसरी प्रेग्नेंसी की खुशखबरी अपनी बिटिया दुआ के हाथों साझा की है। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उनकी बिटिया दुआ नजर आ रही हैं। पापा रणवीर ने बेटी को गोद में थामा हुआ है। हालांकि, रणवीर का चेहरा नहीं दिख रहा, सिर्फ हाथ नजर आ रहे हैं। वहीं, दुआ का आधा चेहरा दिख रहा है। उनके हाथों में प्रेग्नेंसी किट है। इसके साथ दीपिका ने कैप्शन में इविल आई इमोजी लगाई है। दीपिका पादुकोण के पोस्ट पर फैंस बधाई दे रहे हैं। साथ ही कई सेलेब्स ने भी रिएक्शन दिए हैं और कपल को बधाई दे रहे हैं। परिणीति चोपड़ा, अनन्या पांडे, सामंथा रुथ प्रभु, कियारा आडवाणी, फलक नाज, दानिश पंडोर सहित कई सेलेब्स ने बधाई दी है और रेड हार्ट इमोजी पोस्ट



किए हैं। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने साल 2018 में शादी रचाई थी। शादी के करीब छह साल बाद कपल ने पहली संतान के रूप में बेटी दुआ का स्वागत किया। दीपिका और रणवीर की बिटिया दुआ का जन्म 8 सितंबर 2024 को हुआ था। अब वे दूसरे बच्चे का स्वागत करने वाले हैं। दुआ अब दीदी बनने वाली हैं।

## मौत के 30 साल बाद बने नंबर वन कंपोजर

# मदन मोहन की 1950 की वो धुन, जिससे निकला वीर जारा का हिट गाना

*नई दिल्ली। मदन मोहन की एक ऐसी धुन के बारे में बता रहे है, जिसे उन्होंने 1950 में कंपोज किया था, पर यह 2004 में जाकर ब्लॉकबस्टर हुई। दुख की बात है कि तब तक मदन मोहन यह सोचते-सोचते ही इस दुनिया से चले गए कि वो किसी काम के नहीं। मौत के 30 साल बाद वह नंबर वन कंपोजर बने। उस धुन से जो गाना बना था, वो है 'तेरे लिए हम हैं जिए'। इस शख्स को 'गजल किंग' बुलाया जाता है। स्वर कोकिला लता मंगेशकर तो उन्हे 'गजल का शहजादा' कहकर बुलाती थीं। उन्होंने आपकी नजरों ने समझा प्यार के काबिल मुझे, नैना बरसे रिमझिम रिमझिम और ये दुनिया ये महफिल मेरे काम की नहीं जैसे सुपरहिट गाने दिए। अपने कॅरियर में उन्होंने करीब 700 से ज्यादा गाने कंपोज किए थे और वो सभी सुपरहिट रहे थे। यहां इस स्पेशल सेगमेंट में मदन मोहन के अलावा उनके उस गाने के बारे में बता रहे हैं, जो कंपोज तो 50 के दशक में किया गया था, पर साल 2004 में वह बंपर हिट हुआ था।*

**खूबसूरत कंपोजिशन :** मदन मोहन का पूरा नाम मदन मोहन कोहली था। उन्होंने 50, 60 और 70 के दशक में ढेरों गानों के लिए खूबसूरत मेलोडी और ट्यूंस बनाई, गाने कंपोज किए। लता मंगेशकर, मोहम्मद रफी और तलत महमूद के साथ मिलकर कई खूबसूरत और यादगार कंपोजिशन दीं। मदन मोहन कितने टैलेंटेड और अनमोल कंपोजर थे, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि फिल्म 'वीर जारा' के सभी 11 गाने असल में उन्हीं के कंपोजिशन में बनाए गए। उन गानों को मदन मोहन की बनाई ट्यून्स से कंपोज किया गया, जिसमें बेटे संजीव कोहली ने मदद की।

### पुलिस फोर्स में थे मदन मोहन के पिता

मदन मोहन बगदाद में पैदा हुए थे और उनके पिता वहां इराकी पुलिस फोर्स में अकाउंटेंट जनरल के पद पर तैनात थे। बताया जाता है कि वहां की पुलिस फोर्स मदन के पिता पर बगदाद में ही रहने का दबाव बनाने लगी। पर पिता परिवार को लेकर पंजाब के झेलम के चकवाल गांव में आ गए। वो वहीं रहने लगे क्योंकि वहां पर उनका पुश्तैनी घर था। मदन मोहन के पिता फिर काम की तलाश में मुंबई चले गए और बेटे को उसकी दादी के पास छोड़ गए।



### दिल ढूंढता है...

ये वो ट्यून्स थीं, जो कभी मदन मोहन ने कंपोज की थीं, पर जीते जी उनका इस्तेमाल नहीं कर पाए थे, और जब मौत हुई तो बेटे संजीव के पास एक बॉक्स छोड़ गए थे, जिसमें उनकी कंपोज की हुई ट्यून्स और गजलें थीं। संजीव उन रिकॉर्डिंग और टेप को बार-बार सुनते रहते थे,क्योंकि वह पिता की आवाज सुनना चाहते थे। फिर अचानक ही संजीव ने एक टेप में ऐसी ट्यून सुनी जो कभी रिलीज ही नहीं हुई थी। वह फिल्म 'मौसम' के गाने 'दिल ढूंढता है' का ऑल्टर्नेट वर्जन था।

### तेरे लिए हम हैं जिए...

उस गाने से करीब 30 ट्यून्स को 'वीर जारा' में इस्तेमाल किया गया। जब यश चोपड़ा 'वीर जारा' बना रहे थे, तो ऐसे गाने चाहते थे जो टाइमलेस हो, सदाबहार हों। तब संजीव कोहली ने उन्हें पिता की टेप्स और रिकॉर्डिंग के बारे में बताया। यह सुनकर यश चोपड़ा ने उन्हें सभी टेप्स-रिकॉर्डिंग सुनने को कहा। संजीव उस गाने से करीब 30 ट्यून्स निकालकर यश चोपड़ा के ऑफिस पहुंचे। यश चोपड़ा को सभी ट्यून्स पसंद आ गए और फिर 'दिल ढूंढता है' गाने का 'वीर जारा में ऑल्टर्नेट वर्जन बना, जिसके बोल हैं 'तेरे लिए हम हैं जिए'... इस तरह मदन मोहन की बदौलत 'वीर जारा' का ऐतिहासिक म्यूजिक बना और सभी गाने ब्लॉकबस्टर रहे।

### शराब में डूबे और सड़ गया लिवर

मदन मोहन ने अपने करियर में कई हिट गाने कंपोज किए। लता मंगेशकर संग उनकी जोड़ी खूब जमी। पर शराब पीने के कारण उनका लिवर सड़ने लगा और खराब हो गया। इसके कारण 14 जुलाई 1975 को मदन मोहन का निधन हो गया। बताया जाता है कि एक समय के बाद मदन मोहन को काफी स्ट्रगल करना पड़ा। जहां इंडस्ट्री में करियर की शुरुआत में उनके कई गाने रिलीज नहीं किए गए, वहीं बाद में उन्हें गाने और बनाने का मौका मिलना मुश्किल हो गया। दरअसल, उस वक्त हर एक्टर-डायरेक्टर के अपने म्यूजिक कंपोजर्स थे। राज कपूर से लेकर दिलीप कुमार और देवानंद जैसे स्टार्स के अपने-अपने कंपोजर्स थे।